RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty ●Well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ●Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच





वर्ष : 27 अंक : 05 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 26 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# कांग्रेस के पोस्टर को लेकर सियासी बवाल तेज, भाजपा ने किया हमला

## कांग्रेस ने पोस्टर में दिखाया कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में कार्यसमिति की बैठक से पहले ही कांग्रेस पार्टी विवादों में फंस गई है। दरअसल बैठक के लिए जो बैनर पोस्टर लगाए गए हैं, उनमें भारत का गलत नक्शा दिखाया गया है। नक्शे में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दर्शा दिया गया है। इसे लेकर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगा दिया। इसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ हमला तेज कर दिया है।

कांग्रेस अधिवेशन के लिए लगे पोस्टर बैनर की तस्वीर साझा करते हुए कर्नाटक भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा है। जिसमें पार्टी ने लिखा कि 'कर्नाटक कांग्रेस ने भारत की संप्रभुता का अपमान किया है और बेलगावी के कार्यक्रम में भारत का गलत नक्शा दर्शाया है। नक्शे में कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है। ये सब सिर्फ वोटबैंक के तुष्टिकरण के लिए किया जा रहा है। यह बेहद शर्मनाक है।'



भाजपा के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। भाजपा सांसद ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अक्साई चिन के हिस्से को गायब कर दिया गया है। भाजपा ने कहा कि भारत को छिन्न-भिन्न करने वाली शक्तियों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ साफ हो गया है। कांग्रेस की तरफ से पहले भी इसी तरह भारत के नक्शे से छेड़छाड़ की गई है। पूर्व में डीएमके ने भारत का गलत नक्शा दिखाया। जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर और अक्साई चिन गायब दिखाया गया। कोरोना के समय राहुल गांधी ने भी एक ट्वीट किया था, उसमें भी अक्साई चिन और पीओके गायब था। शशि थरूर ने 21 दिसंबर 2019 को भारत का नक्शा सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें भी गड़बड़ी थी।

भाजपा ने सवाल किया कि पिछले काफी समय से भारत के नक्शे में जो गड़बड़ी दिखाई जा रही है, वह क्या सिर्फ संयोग है या फिर किसी व्यवस्थित भारत विरोध का हिस्सा है। भाजपा ने पूछा कि ये किसके इशारे पर हो रहा है? क्या सोरोस से (शेष पृष्ठ-3 पर)

# दिल्ली में प्रदूषण-कोहरे का डबल अटैक, प्रभावित हुई रेलवे सर्विस, 18 ट्रेनें लेट

**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आज सुबह से ही घना कोहरा देखने को मिल रहा है जिसने ट्रांसपोर्ट सेवाओं को काफी प्रभावित किया है। कोहरे के कारण दिल्ली आने-जाने वाली 18 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इनमें से कुछ ट्रेनें तो 4 घंटे तक लेट हैं। प्रभावित ट्रेनों में अवध असम एक्सप्रेस, ऊंचाहार एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, शिव गंगा एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, सप्त क्रांति एक्सप्रेस, पद्मावत एक्सप्रेस और सत्याग्रह एक्सप्रेस शामिल हैं। बता दें कि, अवध असम एक्सप्रेस 4 घंटे 38 मिनट की देरी से चल रही है, वहीं ऊंचाहार एक्सप्रेस और पूर्वा एक्सप्रेस भी तीन घंटे से ज्यादा की देरी से चल रही हैं।

कोहरे के कारण हुई असुविधा को लेकर रेलवे विभाग ने यात्रियों को सलाह दी है कि, वे यात्रा की जानकारी रेलवे के आधिकारिक पोर्टल पर चेक करें या रेलवे अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कोहरे के



कारण ट्रेनों की गति में भी कमी आई है जिससे देरी हो रही है और सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है।

इसी बीच, दिल्ली एयरपोर्ट ने भी एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि, एयरपोर्ट पर दृश्यता कम है लेकिन फिलहाल सभी उड़ानें नियमित रूप से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अपनी फ्लाइट का स्टेटस जानने के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें, क्योंकि कोहरे (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अस्पताल के पास लगी आग से मचा हड़कंप, बाइक जली

## स्थानीय लोगों ने पुलिस की सराहन की




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के स्वस्थम अस्पताल के पास स्थित ट्रासफार्म में आग लगने से अफरातफरी मच गई। फायर बिग्रेड द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें 10.42 बजे सूचना मिली थी कि अस्पताल के बाहर ट्रांसफार्मर में आग लग गई है। तुरंत दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर से अस्पताल 7-8 मीटर की दूरी पर स्थित है। इस दौरान ट्रांसफार्मर के नीचे खड़ी बाइक जल गई।

आग की भयावहता को देखते हुए तुरंत अस्पताल के आसपास की जगह खाली करवाई गई। खासतौर पर अस्पताल के बगल में बने प्ले स्कूल से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और पास के खुले मैदान में ले जाया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# ऑटो पलटने से महिला की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के दादरी रोड पर तेज गति में आ रहा ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो में बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जेजे कॉलोनी दिल्ली की रहने वाली श्रीमती रामश्री ऑटो से ग्रेटर नोएडा जा रही थी। दादरी रोड पर सेक्टर-40 के पास चालक संतुलन खो बैठा और ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो में बैठी सवारियां घायल हो गई। हादसे में रामश्री को गंभीर चोटें आई जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के बेटे महेंद्र सिंह ने ऑटो चालक के खिलाफ लापरवाही से ऑटो चलकर दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

# दादरी में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू



**दादरी (चेतना मंच)।** पिछले कई वर्षों से दादरी में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण की वजह से जाम से जूझ रहे लोगों को आज राहत मिली। पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया। पुलिस ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण का प्रयास किया गया तो (शेष पृष्ठ-3 पर)

# घर से मोबाइल व बाइक चोरी



**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी से चोरों ने एक घर से चार मोबाइल फोन व बाइक चोरी कर ली। घटना के समय युवक अपने कमरे में सो रहे थे। चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले सोहन कुमार गौतम ने बताया कि वह 15 दिसंबर को अपने रूम पार्टनर के साथ कमरे में सो रहे थे। सुबह जब वे सोकर उठे तो उन्हें कमरे में रखा मोबाइल फोन व बाइक की चाबी गायब मिली। उन्होंने मोबाइल फोन की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। उन्होंने जब बाहर जाकर देखा तो उनकी बाइक भी गायब थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# घरों व पीजी में करते थे चोरी

## 2 बदमाश गिरफ्तार 10 मोबाइल बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 10 मोबाइल फोन दो चाकू बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी मौका देखकर घरों व पीजी में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर-69 के पास के सर्विस रोड पर दो बदमाश खड़े हुए हैं। उनके पास अवैध असलाह और चोरी के मोबाइल फोन हैं। सूचना के आधार पर पुलिस बताए (शेष पृष्ठ-3 पर)

# श्रेष्ठ खिलाड़ियों को सांसद ने किया पुरस्कृत




**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम में चल रहे प्रीमियर बेबी लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में 28 श्रेष्ठ खिलाड़ियों को चयनित किया गया। राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर ने सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर 1980 फुटबॉल विश्व कप के कप्तान जफर इकबाल भी पहुंचे। कार्यक्रम में सांसद सुरेन्द्र नागर के अलावा अंतर्राष्ट्रीय एथलीट व कोच अनादि बरूआ के गुरू राजेन्द्र सिंह, नोएडा प्राधिकरण कर्मचारी एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष चौ. राजकुमार आदि कई लोग मौजूद थे।

# झपटमारों ने युवती तथा युवक से मोबाइल लूटे

**नोएडा (चेतना मंच)।** बाइक सवार बदमाश अलग-अलग स्थान से एक युवती व युवक से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नया बांस गांव में रहने वाली शिखा पाल ने थाना फेस-1 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 23 दिसंबर की शाम को सेक्टर-3 लेबर चौक के पास से गुजर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति ने उससे मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया। वहीं थाना सेक्टर-49 में होशियापुर गांव में रहने वाले आलोक मिश्रा ने मोबाइल छीनने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रमाकांत मिश्रा ने बताया कि वह 5 दिसंबर को सेक्टर-52 मेट्रो से ड्यूटी के लिए जा रहा था। मेट्रो स्टेशन के बाहर खड़ा होकर वह ऑनलाइन टिकट ले रहा था। इस दौरान बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। उसने शोर मचा कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# दलित प्रेरणा स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर 7 करोड़ मंजूर

**नोएडा (चेतना मंच)।** देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भारतीय जनता पार्टी अब रक्षात्मक रूख अपना रही है। इसी कड़ी में भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने पत्रकार वार्ता कर सरकार व पार्टी का पक्षा रखा। इस दौरान मुख्यमंत्रियों ने बताया कि डा. अंबेडकर की सच्ची हितैषी भाजपा सरकार है।

इसी कड़ी में अब उत्तर प्रदश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेक्टर-95 स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणास्थल के सुधार तथा संवारने के लिए 7 करोड़ रूपये खर्च करने का निर्णय लिया है। सरकार ने इसके लिए राशि जारी भी कर दी है।

दलित प्रेरणास्थल में सुधार को लेकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अफसरों के साथ बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय दलित प्रेरणास्थल में महापुरूषों, हाथियों की मूर्ति, दर्शक दीर्घा परिसर में लगे पत्थरों, सड़क की



लाईट की मरम्मत, सफाई, पेंटिंग व पालिश कराने पर व्यापक चर्चा की गई।

इस दौरान ऑन लाइन बैठक में मुख्य सचिव ने नोएडा प्राधिकरण के अफसरों से भी बात करके दलित प्रेरणास्थल में मरम्मत व सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की।

मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय दलित प्रेरणास्थल की मरम्मत व सौंदर्यीकरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश अफसरों को दिये। लोगों का मानना है कि डा. अंबेडकर के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों के हमले का जवाब देने के लिए आज भाजपा नई-नई पहल शुरू कर रही है।

# सहकारिता समितियों के शुभारंभ में 15 किसानों को पासबुक व ATM बांटे

**नोएडा (चेतना मंच)।** सहकारिता मेगा इवेन्ट कार्यक्रम में 10000 नवगठित बहुउददेशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारम्भ भारत रत्न सी0सुब्रमण्यम सभागार एन0ए0एस0सी0 कामप्लेक्स आई0सी0ए0आर0 पूसा नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में की गई। जिसका लाइव स्ट्रीमिंग कार्यकम विकास भवन गौतमबुद्धनगर के सभागार में भी आयेजित कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सहकारिता विभाग से जुडे किसानों एवं सहकारी समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर के 15 किसानों (नये सदस्यों) को पास बुक एवं ए0टी0एम0 वितरण किया गया। इसी क्रम में बी-पैक्स में उत्कृष्ट योगदान हेतु अध्यक्षों/ सभापतियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं बी-पैक्स के सचिवों उनके द्वारा (शेष पृष्ठ-3 पर)

# शैक्षिक गुणवत्ता में गिरावट

अब केंद्र सरकार ने शिक्षा नीति में उस फैसले में सुधार किया है, जिसमें पांचवीं व आठवीं में किसी छात्र को फेल न करके, अगली कक्षा में जाने का सरल रास्ता दे दिया गया था। कहा जा रहा था कि इस फैसले के चलते छात्रों द्वारा परीक्षाओं को गंभीरता से न लेने से शैक्षिक गुणवत्ता में गिरावट देखी जा रही थी। छात्रों को लगने लगा था कि जब वे फेल नहीं होंगे और अगली कक्षा में बिना पढ़े चले जाएंगे, तो पढ़ना किस लिए। जिसके चलते शैक्षिक स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। दरअसल, पहले सरकार ने इस मुद्दे पर संवेदनशील व मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए छात्रों के प्रति उदार रवैया अपनाया। यह माना गया कि छात्रों को फेल करने से उनके आत्मसम्मान को ठेस लगती है। कतिपय स्थानों पर फेल होने के तनाव में आत्महत्या तक के मामले प्रकाश में आए थे। यही वजह थी कि विद्यार्थियों के स्वाभाविक विकास व उनका मनोबल ऊंचा रखने के लिये उन्हें फेल न करने की नीति अपनायी गई। दरअसल, नो डिटेंशन नीति लागू करने का मकसद यही रहा कि वंचित व पिछड़े समाज के छात्रों को स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिला पाने का मौका मिले। यह नीति राइट टू एजुकेशन का हिस्सा थी। दरअसल, इस नीति का मकसद स्कूलों में बेहतर वातावरण बनाना था जिससे बच्चे बिना किसी भय के नियमित स्कूल आते रहें। उन्हें फेल न करने की नीति का मकसद यह भी था कि वे फेल होने पर शर्म महसूस न करें। किसी तरह का तनाव न झेलें। लेकिन इस कोशिश का परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से विमुख होने लगे। उनके मन से परीक्षा की गंभीरता का भाव जाता रहा। यही वजह थी कि जुलाई 2018 में राइट टू एजुकेशन को संशोधित करने हेतु लोकसभा में बिल पेश किया गया। इसमें स्कूलों में लागू नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का विचार किया गया। कालांतर 2019 में राज्य सभा में भी यह बिल पारित हुआ। दरअसल, संशोधित नीति के अंतर्गत परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिये दो माह के भीतर पुनः परीक्षा की व्यवस्था की गई। कहा गया कि पांचवीं व आठवीं के विद्यर्थियों के लिये नियमित परीक्षा करायी जाए। दरअसल, संसद में संशोधन बिल पारित होने के उपरांत राज्य सरकारों को छूट दी गई थी कि वे नो डिटेंशन नीति को हटा सकते हैं। इसे राज्यों के विवेक पर छोड़ा गया क्योंकि शिक्षा राज्यों का विषय होता है। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने शैक्षिक सुधारों की दिशा में कदम उठाते हुए नई नीति के तहत केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों तथा सैनिक स्कूलों में नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दिया है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को एक और परीक्षा का मौका तो दिया जाएगा, लेकिन उन्हें स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। दुबारा फेल होने पर वे उसी कक्षा में फिर से पढ़ाई करेंगे। निस्संदेह, फैसले के बाद छात्र इम्तिहानों को गंभीरता से लेने पर परीक्षाओं की गरिमा भी बरकरार रहेगी। दरअसल, सरकार की कोशिश रही है कि नई शिक्षा नीति उदार बनी रहे और इससे उनकी सीखने की प्रवृत्ति का विकास हो सके। यहां उल्लेखनीय है कि पहले ही बीस राज्य व केंद्रशासित प्रदेश नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर चुके हैं। लेकिन यहां जरूरी है कि स्कूलों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाए। इसके लिये आवश्यक है कि शिक्षा में छात्रों की रुचि बढ़ाने वाले पाठ्यक्रम लागू हों, व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण तथा व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा मिले। ऐसे में यदि छात्रों को प्रणालीगत विपलताओं का त्रास झेलना पड़े तो यह उनके प्रति अन्याय करने जैसा ही होगा। चिंता व्यक्त की जाती रही है कि नये फैसले से हाशिये पर रहने वाले समुदायों के बच्चों के साथ न्याय नहीं होगा। उनमें फेल होने के डर से स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। जिसकी आशंका तमिलनाडु जैसे राज्य पहले ही जता चुके हैं। चिंता जतायी जाती रही है कि ऐसे प्रयासों से शिक्षा के अधिकार की रचनात्मक पहल बाधित हो सकती है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि क्या कहें, कोई बात कही नहीं जाती। यह बारात है या यमराज की सेना? दूल्हा पागल है और बैल पर सवार है। साँप, कपाल और राख ही उसके गहने हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कंचन थार सोह बर पानी। परिछन चली हरहि हरषानी॥**
**बिकट बेष रुद्रहि जब देखा। अबलन्ह उर भय भयउ बिसेषा॥**

सुंदर हाथों में सोने का थाल शोभित है, इस प्रकार मैना हर्ष के साथ शिवजी का परछन करने चलीं। जब महादेवजी को भयानक वेष में देखा तब तो स्त्रियों के मन में बड़ा भारी भय उत्पन्न हो गया॥

**भागि भवन पैठीं अति त्रासा। गए महेसु जहाँ जनवासा॥**
**मैना हृदयँ भयउ दुखु भारी। लीन्ही बोली गिरीसकुमारी॥**

बहुत ही डर के मारे भागकर वे घर में घुस गईं और शिवजी जहाँ जनवासा था, वहाँ चले गए। मैना के हृदय में बड़ा दुःख हुआ, उन्होंने पार्वतीजी को अपने पास बुला लिया॥

**अधिक सनेहँ गोद बैठारी। स्याम सरोज नयन भरे बारी॥**
**जेहिं बिधि तुम्हहि रूपु अस दीन्हा। तेहिं जड़ बरु बाउर कस कीन्हा॥**

और अत्यन्त स्नेह से गोद में बैठाकर अपने नीलकमल के समान नेत्रों में आँसू भरकर कहा- जिस विधाता ने तुमको ऐसा सुंदर रूप दिया, उस मूर्ख ने तुम्हारे दूल्हे को बावला कैसे बनाया?॥

( क्रमशः... )

# राष्ट्र निर्माण के 'अटल' आदर्श की शती

> ***राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण 1999 में उन्हें सिर्फ एक वोट के अंतर के कारण पद से इस्तीफा देना पड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी हमेशा शुचिता की राजनीति पर चले।***

मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं...लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं?' अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं कितने गूढ़ हैं। अटल जी कूच से नहीं डरे, उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थेज्जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है, कौन जानता किधर सवेरा। आज अगर वो हमारे बीच होते तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह, वो अपनत्व, वो प्रेम, मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। आज 25 दिसंबर का यह दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है। 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि यह सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया।

भारत को नव विकास की गारंटी दी। वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानव की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूरदराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोडने के सफल प्रयास किए गए। वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा, वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए। उनके शासनकाल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने न सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों को एक दूसरे से जोडक़र भारत की एकता को भी सशक्त किया। जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल जी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे कि भारत के वर्ग, यानी ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने। उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानव के जीवन को बदलना ही रहा। उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते हैं। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, जब एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे 'ऑपरेशन शक्ति' का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था। लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को यह दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के



हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है। उन्होंने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया, यह पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया। वाजपेयी सरकार के शासनकाल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आईं। कारगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया।

अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा। जब भी आप वाजपेयी जी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयी जी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चर्चाएं सीखने का माध्यम बनतीं। कुछ सांसदों की संख्या लेकर भी, वो कांग्रेस की कुनीतियों का प्रखर विरोध करने में सफल होते। भारतीय राजनीति में वाजपेयी जी ने दिखाया, ईमानदारी और नीतिगत स्पष्टता का अर्थ क्या है। संसद में कहा गया उनका यह वाक्यज्सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिएज्आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है। वो भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वो यह भी जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरूरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेली। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। एनडीए की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित किया। वो अनेक दलों को साथ लाए और एनडीए को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया। पीएम पद पर रहते हुए उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब हमेशा बेहतरीन तरीके से दिया। वो ज्यादातर समय विपक्षी दल में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। एक समय उन्हें कांग्रेस ने गद्दार तक कह दिया था, उसके बाद भी उन्होंने कभी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

उनमें सत्ता की लालसा नहीं थी। 1996 में उन्होंने जोड़-तोड़ की राजनीति न चुनकर इस्तीफा देने का रास्ता चुन लिया। राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण 1999 में उन्हें सिर्फ एक वोट के अंतर के कारण पद से इस्तीफा देना पड़ा। कई लोगों ने उनसे इस तरह की अनैतिक राजनीति को चुनौती देने के लिए कहा, लेकिन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी शुचिता की राजनीति पर चले। अगले चुनाव में उन्होंने मजबूत जनादेश के साथ वापसी की। संविधान के मूल्य संरक्षण में भी, उनके जैसा कोई नहीं था। डा. श्यामा प्रसाद के निधन का उन पर बहुत प्रभाव पड़ा था। वो आपात के खिलाफ लड़ाई का भी बड़ा चेहरा बने। इमरजेंसी के बाद 1977 के चुनाव से पहले उन्होंने जनसंघ का जनता पार्टी में विलय करने पर भी सहमति जता दी। मैं जानता हूं कि यह निर्णय सहज नहीं रहा होगा, लेकिन वाजपेयी जी के लिए हर राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता की तरह दल से बड़ा देश था, संगठन से बड़ा संविधान था। हम सब जानते हैं, अटल जी को भारतीय संस्कृति से भी बहुत लगाव था। भारत के विदेश मंत्री बनने के बाद जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भाषण देने का अवसर आया, तो उन्होंने अपनी हिंदी से पूरे देश को खुद से जोड़ा। उनकी उपलब्धियों की सूची लंबी है। बहरहाल, राष्ट्र उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता है।

**-नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

# तख्तापलट के साए में वैश्विक लोकतंत्र

तख्तापलट', यह लफ्ज सुनने में ही खौफनाक है, लेकिन भारत के हमसाया मुल्कों सहित विश्व के कई देश तख्तापलट का सामना कर चुके हैं तथा सिलसिला बदस्तूर जारी है। तख्तापलट यानी लोगों द्वारा चुनी गई संवैधानिक सरकार तथा संविधान दोनों को सैन्य बलों या बगावती गुटों द्वारा उखाड़ फैंकना। तख्तापलट के बाद मानवाधिकारों की कोई गारंटी नहीं रहती। बंदूकों की हुकूमत के साए में धर्मनिरपेक्षता, शिष्टाचार व नैतिकता जैसे अल्फाज अपनी आबरू बचाने को मजबूर हो जाते हैं। स्मरण रहे लोगों के वोट से चुने गए सियासी हुक्मरान तथा बम, बंदूक व बारूद की असकरी तरबियत से निकले सैन्य तानाशाह की विचारधारा में बहुत अंतर होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा तानाशाही के निजाम में जमीन-आसमान का फर्क होता है। तानाशाही के निजाम में संसद का शोर खामोशी में तब्दील हो जाता है। भारत के पड़ोसी मुल्कों ईरान, चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, म्यांमार व बांग्लादेश में जम्हूरियत का दम घुट चुका है। लोकतंत्र अपना वजूद तलाश रहा है। भू-माफिया चीन, तिब्बत पर कब्जा कर चुका है। भूटान भारतीय सेना के रहमोकरम से सुरक्षित है। कुछ वर्षों से नेपाल व श्रीलंका में वहां के सियासी दल स्थिर सरकार बनाने में नाकाम रहे हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक जहां लोग गुरबत, महंगाई व भुखमरी जैसी बुनियादी चीजों से बेहाल हों तथा जिन मुल्कों में मानव विकास सूचकांक काफी कम हो, वहां तख्तापलट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। मगर कई मुल्कों में सैन्य जरनैलों की सत्ता हथियाने की सनक ही तख्तापलट का सबब बनी है। तख्तापलट में सबसे रोचक इतिहास पाकिस्तान का है। पाक सैन्य तानाशाहों ने अपने मुल्क के किसी भी वजीरे आजम का कार्यकाल मुकम्मल नहीं होने दिया। म्यांमार के जरनैल 'ने विन' मार्च 1962 में अपने मुल्क में तख्तापलट का पहला मजमून लिखकर 26 वर्षों तक सत्ता पर काबिज हो गए थे।

म्यांमार की सेना ने अपनी स्टेट काउंसलर व 'नोबल शांति पुरस्कार विजेता' 'आंग सान सू की' तथा राष्ट्रपति 'विन मिंट' को फरवरी 2021 में सलाखों के पीछे भेजकर अपनी फौजी हुकूमत नाफिज कर दी है। पड़ोसी मुल्क वियतमान के जनरल 'डोंग वान मिन्ह' ने नवंबर 1963 में अपने मुल्क में तख्तापलट को अंजाम देकर स्टेट काउंसलर 'न्गो दीन्ह न्हू' व उनके भाई को हलाक करके सत्ता पर कब्जा कर लिया था। हालांकि बाद में डोंग वान मिन्ह को भी अमेरिका में शरण लेनी पड़ी थी। हिंदोस्तान की खैरात पर पलने वाले बांग्लादेश की सेना ने सन् 1975 में अपने राष्ट्रपति 'शेख मुजीबुर्रहमान' का कत्ल करके तख्तापलट की संगे बुनियाद रख दी थी। सिलसिला बदस्तूर जारी है। चरमपंथ की परवरिश व कट्टरवाद की तालीम वाले मजहबी रहनुमां भी जम्हूरी निजाम में अकीदा नहीं रखते। तख्तापलट

> ***अराजकता, आतंकवाद, अलगाववाद, कट्टरवाद व चरमपंथ के माहौल में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में यदि न्यायसंगत व्यवस्था लोकतंत्र कायम है, तो इसका श्रेय 'स्वयं से पहले राष्ट्र' के सिद्धांत पर काम करने वाली भारतीय सेना को जाता है।***

की लंबी दास्तान वाले अफगानिस्तान के अंतिम शासक 'राजा मोहम्मद जहीर शाह' के दौरे हुकूमत को अफगानों का स्वर्णिम काल कहा जाता है। सन् 1953 में अफगानिस्तान के प्रधानमंत्री बने 'मोहम्मद दाउद खान' को राजा जहीर शाह ने सन् 1963 में बर्खास्त कर दिया था। काबुल के कोर कमांडर रहे 'मोहम्मद दाऊद खान' ने जुलाई 1973 को उसी 'राजा जहीर शाह' का तख्तापलट करके राजशाही का सूर्यास्त कर दिया तथा अफगान गणराज्य के पहले राष्ट्रपति बन गए थे। राजा जहीर शाह को 29 वर्षों तक इटली में शरण लेनी पड़ी थी। मगर अफगान कम्युनिस्ट रहनुमां 'नूर मोहम्मद तराकी' ने मुजाहिद्दीनों की कयादत में अप्रैल 1978 को मोहम्मद दाउद खान का कत्ल कर दिया तथा खुद अफगान सदर के पद पर काबिज हो गए। 1980 के दशक में चौथे अफगान सदर 'बरबक करमाल' ने चरमपंथी गुटों के खौफ से चेक गणराज्य व चेकोस्लोवाकिया तथा सोवियत संघ जैसे मुल्कों में शरण ली थी। सन् 1992 में गुरिल्ला कमांडर 'अहमद शाह मसूद' ने मुजाहिद्दीनों की कमान में काबुल पर हमला करके अफगान राष्ट्रपति नजीबुल्लाह का तख्तापलट कर दिया था। काबुल के 'संयुक्त राष्ट्र परिसर' में शरण ले चुके साबिक सदर नजीबुल्लाह तथा उनके भाई को तालिबानियों ने 27 सितंबर 1996 को हलाक करके उनकी लाशों को ट्रैफिक लाइट के खंबे से लटका दिया था। अमेरिका व सोवियत संघ जैसे ताकतवर मुल्कों की सेनाएं भी अफगान मुजाहिद्दीनों से निपटने में नाकाम रहीं, नतीजतन तालिबान ने काबुल पर कब्जा करके अपना कट्टरपंथी निजाम नाफिज कर दिया। सन् 2021 में अफगान सदर 'अशरफ गनी' ने अपना मुल्क छोडक़र 'यूएई' में शरण ली। अगस्त 2024 को बांग्लादेश की सत्ता से बेदखल हुई वजीरे आजम शेख हसीना को भारत ने शरण दी है। नौ दिसंबर 2024 को विद्रोही गुटों ने सीरिया की सत्ता पर कब्जा करके 'असद' परिवार की पांच दशकों की हुकूमत का सूर्यास्त कर दिया। राष्ट्रपति बशर अल-असद ने रूस में शरण ली है।

सियासी अंतर्कलह, नीतिगत गतिरोध व कमजोर अर्थव्यवस्था भी मुल्क में बगावत का सबब बनती है। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका की आवाम ने सन् 2022 में अपनी सरकार के खिलाफ जोरदार बगावत कर दी थी। श्रीलंका की सेना के पूर्व कर्नल तथा राष्ट्रपति 'गोटाबाया राजपक्षे' को सिंगापुर में शरण लेनी पड़ी। लोकतंत्र में यदि सियासी लीडरशिप कमजोर होगी तो विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप बढ़ जाता है। विदेशी खुफिया एजेंसियां चरमपंथी व अलगाववादी गुटों की पूरी हिमायत करती हैं। यही तख्तापलट का सबब बनता है। अतः राष्ट्रहित के फैसलों में मजबूत इच्छाशक्ति होनी चाहिए। बहरहाल अराजकता, आतंकवाद, अलगाववाद, कट्टरवाद व चरमपंथ के माहौल में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में यदि न्यायसंगत व्यवस्था लोकतंत्र कायम है, तो इसका श्रेय 'स्वयं से पहले राष्ट्र' के सिद्धांत पर काम करने वाली भारतीय सेना को जाता है। लोकप्रिय शासन व्यवस्था लोकतंत्र को महफूज रखने वाले सैन्य बलों का इकबाल हमेशा बुलंद रहना चाहिए। हथियारों के बल पर तख्तापलट करके सत्ता पर कब्जा करने का प्रचलन जम्हूरियत के वजूद पर खतरे की अलामत है।


**-प्रताप सिंह पटियाल**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल


**पौष कृष्ण पक्ष एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आनंददायक जीवन गुजरेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
भावुक होकर कोई निर्णय न लें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
गृहकलह के संकेत हैं लेकिन भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के पूर्ण योग हैं। स्वास्थ्य अच्छा।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यापारिक स्थिति अच्छी होगी। पराक्रम में बढ़ोतरी होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा रहेगा।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन आगमन होगा। अपनों में वृद्धि होगी। कुटुंबों में वृद्धि होगी। जुआ, सट्टा, लॉटरी में अभी पैसे न लगाएं।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहना होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा सा मध्यम। प्रेम-संतान मध्यम। व्यापार अच्छा रहेगा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
आय के नवीन सोर्स बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान बहुत अच्छा व व्यापार बहुत अच्छा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
बचकर पार करें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार मध्यम है।

# पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर सदभावना यात्रा निकाली

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी ने सभी 11 मंडलों पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए सुशासन सदभावना यात्रा निकाली। ज़िला कार्यालय पर अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने किया। अटल जी के जीवन पर प्रदर्शनी पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणासोत्र हम सब के मार्गदर्शक जिन्होंने पोखरण में परमाणु बम का विस्फोट कर भारत की ताक़त का परिचय कराया।

आज देश उनके बताये मार्ग पर आगे बढ़ रहा है देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार एक सशक्त समृद्धिशाली और आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूर्ण करने के निर्माण में लग कर उनके सुशासन की कल्पना को चरितार्थ कर भारतीय राजनीति को नई दिशा दे रही है। जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा भारत के सर्वमान्य नेता कवि पत्रकार ओजस्वी वक्ता राष्ट्रवादी नेता जिन्होंने परमाणु बम विस्फोट कर दुनिया को भारत का लोहा मनवाया। भाजपा कार्यालय पर उनके जीवन के जीवनी पर प्रदर्शनी लगायी गई।



प्रदर्शनी के माध्यम से उनके जीवन से सीख कर और आगे बढ़ सके मुख्यरूप से ज़िला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, योगेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक पवन नागर, सेवानंद शर्मा, सतेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, गुरु देव भाटी, सत्यपाल शर्मा, अमित पंडित, विमल पुंडीर, भगवत् शर्मा, बबलू गुर्जर, महेंद्र नागर, पिंकु गुर्जर, डॉक्टर सुरेन्द्र नागर, पंकज रावल, अजय निगम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाग्यश्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को 'कौशल्या अवार्ड' से किया सम्मानित

**दिल्ली।** डीके पेजेंट द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कौशल्या अवार्ड सीज़न 2 का आयोजन होटल रेडिसन ब्लू, पश्चिम विहार, नई दिल्ली में भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने भारत से सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित किया।

कौशल्या पुरस्कार विजेता- वनिता ढेड़ा सर्वश्रेष्ठ मॉडल- गुजरात, अनामिका साहू सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट- छत्तीसगढ़, माया सिंह सर्वश्रेष्ठ अंकशास्त्री नई दिल्ली, सोनल गोसालिया- सर्वश्रेष्ठ लेखिका अहमदाबाद, गुजरात, वंदिता सबसे प्रभावशाली महिला, नई दिल्ली, रिंकू मेकओवर सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट सीवान बिहार, राधा गुप्ता सबसे प्रभावशाली महिला आगरा यूपी, लक्ष्मी किचन सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ओडिशा, रजनी सर्वश्रेष्ठ बिजनेसवुमन नई दिल्ली, नीतू सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट नई दिल्ली,




सोनिया भटनागर सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट ग्वालियर एमपी, क्रांति संतोष सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार मुंबई महाराष्ट्र, कल्पना सिंह सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट पलामू झारखंड, रेखा गुप्ता सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट, सीवान बिहार, रेखा कुशवाहा सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट, सीवान बिहार, सुगंती सिंह सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट, सीवान बिहार, नजमी सैयद सबसे प्रभावशाली महिलाएं ग्वालियर एमपी, डॉ. नरेश सती उत्तराखंड के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में सम्मानित हुए।

# इफको के सीनियर मैनेजर चंद्रशेखर मिश्रा का निधन

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** इफको परिवार को 25 दिसंबर 2024 को गहरा धक्का लगा, जब वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त और लेखा) चंद्रशेखर मिश्रा का निधन हो गया।



श्री मिश्रा ने 12 जनवरी 1987 को इफको से जुड़कर संगठन में लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे जून 2025 में अपनी सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे थे।

श्री चंद्रशेखर मिश्रा का निवास स्थान प्रयागराज के अल्लापुर क्षेत्र में था। वे अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गए हैं। इफको अधिकारी संघ और इफको कर्मचारी संघ ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

# अवैध हथियार और मादक पदार्थ के साथ विभिन्न जगहों से 24 बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 24 घंटे के अंदर विभिन्न जगहों से 24 बदमाशों को गिरफ्तार किया है इनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार और मादक पदार्थ बरामद किया है।

थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को थाना पुलिस ने संजय पुत्र महावीर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने एक सूचना के आधार पर आज सुबह को इरशाद पुत्र शहाबुद्दीन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक अंकित तरार ने आज सुबह को एक सूचना के आधार पर विवेक पुत्र सतीश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक लोकेंद्र सिंह ने एक सूचना के आधार पर दीपक पुत्र सुखदेव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना पुलिस ने कीरत पुत्र छेदीलाल को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है।

थाना ईकोटेक -3 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि बीती रात को एक सूचना का आधार पर थाना पुलिस ने सोनू प्रजापति पुत्र कन्हैयालाल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी ग्राम तुसियाना के एक ओयो होटल के पास से हुई है।



थाना फेस -3 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि बृहस्पतिवार को थाना पुलिस ने मोहम्मद रूबल पुत्र आलम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में उप निरीक्षक उदित सिंह ने सागर पुत्र शीशपाल को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर सतीश पुत्र भोला सिंह निवासी मिर्जापुर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी सुपरटेक सोसाइटी के पास से हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि तलाशी लेने पर इसके पास से पुलिस को एक देसी तमंचा और कारतूस मिला है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस ने दीपक पुत्र हरिश्चंद्र को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर इसके पास से पुलिस को एक अवैध चाकू मिला है।

थाना बादलपुर पुलिस ने विभिन्न जगहों से दो शराब तस्करी को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध शराब बरामद किया है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को एक सूचना का आधार पर थाना पुलिस ने दीपक पुत्र लालू प्रसाद को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 20 पव्वा देसी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी छपरौला के पास से हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में उप निरीक्षक तरुण मिश्रा ने बीती रात को चंद्र प्रकाश पुत्र जनार्दन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 25 पव्वा देसी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी सादोपुर की झाल के पास से हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि उप निरीक्षक रोहित आर्य ने एक सूचना के आधार पर संदीप नामक युवक को गिरफ्तार किया है इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने चुन्नू राम पुत्र बलदेव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 53 पव्वा देसी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी निराला स्टेट सोसाइटी के पास से हुई है।

थाना ईकोटेक -3 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि बीती रात को एक सूचना का आधार पर उप निरीक्षक सुनील कुमार ने सोनू प्रजापति पुत्र कन्हैयालाल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक अवैध चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार नयन ने एक सूचना के आधार पर बीती रात को नीरज पुत्र राजपाल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 19 पव्वा देसी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक सूर्यपाल सिंह ने एक सूचना के आधार पर देव पांडे पर पुत्र प्रदीप पांडे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 20 पव्वा देसी शराब बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उप निरीक्षक निशांत मलिक ने एक सूचना के आधार पर यासीन पुत्र अली हसन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 740 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बिताया की बीती रात को उप निरीक्षक आस्था ने एक सूचना के आधार पर फैजान पुत्र मस्ताक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से 30 पव्वा अरुणाचल प्रदेश मार्का शराब बरामद हुई है।

थाना फेस तीन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने अरविंद पुत्र राजकुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे के पास से हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक मामले में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने पवन सिंह पुत्र नेत्रपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना पुलिस ने जनाव पुत्र जलालुद्दीन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया है।

थाना सेक्टर 58 के प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बीती रात को एक सूचना का आधार पर थाना पुलिस ने रवि पुत्र मोहन चौधरी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 48 पव्वै हरियाणा मार्का अवैध शराब बरामद किया है। थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि बीती रात को एक सूचना का आधार पर थाना पुलिस ने इरफान नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक अवैध चाकू बरामद किया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**कांग्रेस के पोस्टर...**

कोई गुप्त संदेश तो नहीं आ रहा? सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान जब देश के पूर्वोत्तर हिस्से को काटने की बात की गई तो कांग्रेस उन लोगों के साथ खड़ी थी। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, वे भी उत्तर भारतीयों के खिलाफ गलत आरोप लगा चुके हैं। कांग्रेस लोगों को भाषा, धर्म, जाति के आधार पर लड़ाकर देश की सत्ता हासिल करना चाहती है। हालांकि सरकार और जनता सजग हैं और पैनी नजर इन ताकतों पर रखे हुए हैं और इनके मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।

कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) की बैठक 26-27 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में हो रही है। कांग्रेस पार्टी इस साल को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सत्र के शताब्दी वर्ष के तौर पर मना रही है। कांग्रेस पार्टी की स्थापना 1924 में हुई थी। कार्यसमिति की बैठक में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत सभी शीर्ष नेता शामिल रहेंगे।

**दिल्ली में प्रदूषण-कोहरे...**

के कारण उड़ान संचालन में थोड़ी सी भी देरी हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में अगले तीन दिन तक घना कोहरा बना रह सकता है। इससे ट्रांसपोर्ट सेवाओं पर और असर पड़ सकता है खासकर रेलवे और हवाई यातायात में देरी होने की संभावना बनी हुई है। कोहरे के कारण वाहन चालकों को भी दृश्यता में कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सड़क यातायात पर भी असर पड़ा है।

**अस्पताल के पास...**

अस्पताल में आग लगने की वजह से सामने खड़ी बाइक समेत कई अन्य सामान जल गया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अभी तक की जांच में पता चला है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। स्वस्थम अस्पताल जिस क्षेत्र में स्थित है, वह छह प्रतिशत प्लॉट पर बना हुआ है। उसके आसपास कई कामर्शियल गतिविधियां संचालित होती हैं। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

**दादरी में अतिक्रमण...**

वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

एसीपी दादरी के नेतृत्व में थाना दादरी पुलिस ने आज मुख्य मार्ग पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जेसीबी मशीन से अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा दुकान के बाहर रोड पर सामान रखने तथा गाड़ी खड़ी करने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने अभियान चलाया।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज सुबह से ही अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। दुकान के बाहर मुख्य सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को भी भविष्य में कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

बता दें कि बीते दिनों एसीपी दादरी व थाना प्रभारी ने व्यापारियों के साथ बैठककर जाम की समस्या से निपटने के लिए सुझाव मांगे थे। इस दौरान व्यापारियों तथा आम लोगों ने बताया कि सड़क किनारे हुए अतिक्रमण की वजह से ही दादरी में जाम की समस्या नासूर बनी हुई है।

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों से आग्रह किया था कि वह अपने आसपास मुख्य सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को ऐसा न करने के लिए समझाएं। बैठक में पुलिस ने यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही थी। आज सुबह पुलिस टीम दादरी कस्बे में सड़कों पर उतरी और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटवाए जाने से लोगों को यहां लगने वाले जाम से राहत मिली स्थानीय लोगों व वाहन चालकों ने थाना दादरी तथा कमिश्नरेट पुलिस की सराहना की। लोगों का कहना था कि दादरी में लगने वाले जाम की वजह से लोग यहां से गुजरने से कतराते थे। कई बार यातायात जाम में एम्बुलेंस भी फंस जाती थी जिससे मरीजों की जान पर बन आती थी। लोगों का कहना था कि पुलिस की इस पहल से लोगों को दादरी में लगने वाले भीषण जाम से राहत मिलेगी।

**घरों व पीजी में...**

गए स्थान पर पहुंची। पुलिस को देखकर वहां खड़े दो युवकों ने पल्सर बाइक पर बैठकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने दोनों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक-एक चाकू और 10 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम गुलशन पुत्र धर्मेंद्र व रंजन पुत्र शीला सिंह निवासी बिहार बताया। दोनों आरोपी हाल में चोटपुर कॉलोनी में रह रहे हैं।

पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि उनसे बरामद मोबाइल फोन उन्होंने एनसीआर ग्रेटर नोएडा में नोएडा में विभिन्न जगहों से चोरी किए थे। वह मौका देखकर घरों में पीजी में घुसकर मोबाइल फोन में अन्य सामान को चोरी करते हैं। चोरी किए गए मोबाइल फोन को वह दिल्ली में जाकर सस्ते दामों पर राह चलते लोगों को बेच देते हैं। पकड़े गए दोनों बदमाशों ने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस में दोनों बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

**सहकारिता समितियों...**

किये गये उत्कृष्ट कार्य यथा सी0एस0सी0, जनऔषधि महासदस्यता अभियान आदि कार्यों हेतु मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गौतमबुद्धनगर विवेका सिंह द्वारा किया गयी। इस कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी व सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारियों / कर्मचारी तथा मत्स्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## खास खबर

### ट्रायम्फ ने किया स्पीड ट्विन 900 का अपडेटेड वर्जन भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** ट्रायम्फ मोटरसाइकिल इंडिया ने अपनी पॉपुलर मॉडर्न क्लासिक बाइक, स्पीड ट्विन 900, का अपडेटेड वर्जन भारतीय बाजार में लॉन्च किया है। यह बाइक 8.89 लाख एक्स-शोरूम की कीमत पर उपलब्ध होगी, जो पिछले मॉडल की तुलना में 40 हजार ज्यादा है। बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ नेविगेशन, कॉल और म्यूजिक कंट्रोल जैसे स्मार्ट फीचर्स जोड़े गए हैं। इसके अलावा डिजाइन में छोटे लेकिन आकर्षक बदलाव किए हैं। इंजन में कोई तकनीकी बदलाव नहीं किए गए हैं। 2025 स्पीड ट्विन 900 को तीन नए डुअल-टोन कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। इस बाइक में वही 900 सीसी का पावरफुल इंजन मिलता है, जो पहले से ही परफॉर्मेंस के लिए मशहूर है। इसका क्लासिक लुक और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का मेल इसे खास बनाता है। ट्रायम्फ ने इस अपडेट के जरिए ग्राहकों को ज्यादा एडवांस्ड और प्रीमियम अनुभव देने का प्रयास किया है। बाइक मॉडर्न रेट्रो लुक चाहने वाले राइडर्स के लिए एक खास विकल्प है।

### सिनेमाघरों में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर 05 फीसदी ही लगेगा जीएसटी

**नई दिल्ली।** सिनेमा घरों में खुले रूप से बिकने वाले पॉपकॉर्न पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर पांच फीसदी ही लागू होगा, जैसा कि रेस्टोरेंट सेवाओं पर लागू होता है। अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा। चूंकि, इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा। इस बारे में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्पष्टीकरण दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था।

### चिड़ियाघर में पहुंचे 5000 से अधिक सैलानी

**ग्वालियर।** नगर निगम द्वारा संचालित चिड़ियाघर में 25 दिसंबर को सैलानियों का तांता लगा रहा। एक ही दिन में 5000 से अधिक सैलानी चिड़ियाघर पहुंचे और वहां पर मौजूद विभिन्न प्रजातियों के पशु पक्षी और सरीसृपों को देखा। एक ही दिन में इतने अधिक सैलानी पहुंचने से नगर निगम को200000 से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। चिड़ियाघर प्रभारी डॉक्टर उपेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम के चिड़ियाघर में 25 दिसंबर का दिन काफी भीड़भाड़ वाला रहा । एक ही दिन में 5000 से अधिक सैलानी चिड़ियाघर में मौजूद विभिन्न प्रजातियों के जानवरों को देखने पहुंचे । पूर्ण रूप से सिंगल यूज पॉलिथीन मुक्त चिड़ियाघर में इतने अधिक सैलानी पहुंचने से निगम को भी 200000 का राजस्व प्राप्त हुआ।


### वेडिंग फंक्शन के लिए मिल रही एक से बढ़कर एक साड़ियां

**मुंबई।** वेडिंग सारी फार वूमेन साड़ी कलेक्शन में वेडिंग फंक्शन के लिए एक से बढ़कर एक साड़ियां मिल रही हैं। साडियों की इस सेल में लेटेस्ट स्टाइल और ट्रेंड वाली साड़ियां उपलब्ध हैं। ये सॉफ्ट और लाइट फैब्रिक से बनी हैं। एथनिक और ट्रेडिशनल स्टाइल के लिए इन साड़ियों को बेस्ट माना जाता है। ये साड़ियां अमेजन द वेडिंग फेस्ट में 80 प्रतिशत तक की छूट पर मिल रही हैं। इस लिस्ट में रुपए 4999 वाली साड़ी 999 रुपये में उपलब्ध है। बचत के साथ के साथ साड़ी के लिए यह कलेक्शन बेस्ट है। पिंक कलर में मिल रही यह बनारसी सिल्क सारी बहुत ही आकर्षक है। इस कांजीवरम बनारसी सिल्क साड़ी को वेडिंग के साथ ही फेस्टिवल, पार्टी और डेली वेयर में ऐड कर सकती हैं। यह 6 यार्ड की लेंथ में आ रही है। यह फ्लोरल प्रिंट वाली साड़ी आपको एथनिक और ट्रेडिशनल लुक भी देती है। इस साड़ी के साथ अनस्टिच्ड ब्लाउज दिया गया है। इसका सिल्क फैब्रिक काफी बढ़िया है।
अगर आप वेडिंग फंक्शन में आकर्षक और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो यह रेडी टू वियर सारी आपके लिए बेस्ट हो सकती है। यह एम्बेलिश्ड लाइक्रा साड़ी बहुत ही बढ़िया है। यह साड़ी पिंक और अन्य कलर में भी उपलब्ध है।

# भारत में पहली बार विकास दर 8.4 प्रतिशत पर : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**लखनऊ।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल के जीवन और कार्यों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक अच्छा शासन



वही है जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके पास अपनी बात कहने का अवसर हो। यही अटल जी का विजन था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। रक्षामंत्री ने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि अटल ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी पक्की और बेहतर सड़कों से जोड़ा। टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाकर उन्होंने मोबाइल को हर हाथ तक पहुंचाने का सपना साकार किया। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन के तहत हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 1,500 से अधिक अनावश्यक कानूनों को समाप्त कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में भारत को 50वें स्थान तक पहुंचाया है। जल्द ही भारत शीर्ष 20 देशों में शामिल होगा। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना की सफलता पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि अब गरीबों को उनके हक का पैसा सीधे उनके खातों में मिलता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि 100 पैसा भेजने पर केवल 14 पैसा लाभार्थियों तक पहुंचता है लेकिन मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अटल जी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा, यही सुशासन है। योगी की सराहना- रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यूपी को भयमुक्त बनाया है। गरीबों को मकान देने में यूपी देश में पहले स्थान पर है। चार करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के मकान मिले हैं, जिनमें 70 प्रतिशत मकानों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है, 4 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

## 1 पर 4 शेयर फ्री देने का ऐलान, नए साल पर निवेशकों के लिए गुड न्यूज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पहली बार बोनस शेयर देने जा रही है। कंपनी को अपने बोर्ड मेंबर से 7,94,12,676 बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी मिल गई है, जिनमें से प्रत्येक का फेस वैल्यू 10 रुपये है। कपड़ा कंपनी बीएसई 500 का कंपोनेंट है और मंगलवार (24 दिसंबर) को बंद होने तक इसका मार्केट कैप 8,475.42 रुपये है। कंपनी 4:1 के रेशियो में बोनस शेयर दे रही है। इसका मतलब है कि हर एक शेयर पर कंपनी के 4 शेयर अतिरिक्त मिलेंगे। इसके लिए रिकॉर्ड डेट 3 जनवरी, 2025 तय की गई है। कंपनी के शेयर की कीमत वर्तमान में 4269 रुपये है। कंपनी के शेयरों के हाल गारवेयर टेक्निकल फाइबर्स के शेयर मंगलवार, 24 दिसंबर को बीएसई पर 4,269.05 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए थे। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 0.57% कम है। स्टॉक में ऊपरी और निचली सर्किट सीमा 20% है। इसकी 52-सप्ताह की रेंज 3,116.10 रुपये और 4,925.80 रुपये है। घर बैठे तुरंत पाएं 10 लाख तक का लोन। मोबाइल नंबर एंटर करेंऑफर चेक करें ये भी पढ़ें:लिस्टिंग से पहले ग्रे मार्केट में तूफान, 240 प्रीमियम पर पहुंचा भावये भी पढ़ें:हर 1 पर 2 बोनस शेयर दे रही यह कंपनी, इसी सप्ताह रिकॉर्ड डेट, आपके पास है शेयर बोनस शेयर क्या है बोनस शेयर किसी कंपनी द्वारा मौजूदा शेयरधारकों को दिए गए मुफ्त शेयर हैं।

## लीलावती अस्पताल में बच्चों के लिए क्रिसमस पार्टी का आयोजन

एजेंसी

**मुंबई।** ग्रामीण आश्रम स्कूलों के बच्चों और कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी कराने वाले बच्चों के लिए लीलावती अस्पताल में क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया गया था। ग्रामीण आश्रम स्कूलों के 300 से अधिक बच्चे और 100 से अधिक कॉक्लियर इम्प्लांट प्राप्तकर्ता बच्चों इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे बच्चों के लिए मजेदार गतिविधियों, नृत्य का आयोजन किया गया था। अस्पताल ने जादू शो, नृत्य और फोटोग्राफी सत्र जैसी गतिविधियों के साथ बच्चों के लिए एक भव्य क्रिसमस उत्सव मनाया गया। सांताक्लॉज के वजह से बच्चों के चेहरे पर हसी खिली थी। महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित ग्रामीण आश्रम स्कूलों के ३०० से अधिक बच्चे पहली बार मुंबई में



आए थे। उन्होंने कभी मुंबई की उची इमारत नही देखी थी। यह माहौल देखकर बच्चे काफी खुश थी। लीलावती अस्पताल के स्थायी ट्रस्टी प्रशांत मेहता ने कहा की, यह क्रिसमस उत्सव इन बच्चों के बीच समुदाय और खुशी की भावना को बढ़ावा देगा। लीलावती अस्पताल में, हम स्वास्थ्य देखभाल से परे जाकर एक समग्र वातावरण बनाते हैं जहां हर बच्चा सशक्त महसूस करता है। संस्थापक और स्थायी ट्रस्टी चारु मेहता के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया थो हम बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने, उनके सपनों को संवारने और उन्हें जीवन की चुनौतियों का साहस के साथ सामना करने के लिए तैयार करने की उम्मीद करते हैं। लीलावती अस्पताल के स्थायी ट्रस्टी राजीव मेहता ने कहा, लीलावती अस्पताल जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए पूरे वर्ष विभिन्न सामाजिक गतिविधियां आयोजित करता है। अनगिनत लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए हर साल विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। लीलावती अस्पताल के ट्रस्टी मोहित माथुर ने कहा की, प्रत्येक बच्चे को समान अवसर मिलना चाहिए और इसे वास्तविकता बनाने के लिए यह पहल आयोजित की गई थी। ऐसी गतिविधियां सभी के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए डिजाइन की गई हैं। लीलावती अस्पताल के सीओओ नीरज उत्तमानी ने कहा की, हमें पहली बार मुंबई आने वाले ग्रामीण आश्रम स्कूलों के बच्चों का स्वागत करते हुए खुशी हुई।

## ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्य जोड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अक्टूबर महीने में शुद्ध रूप से 13.41 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस दौरान ईपीएफओ ने अपने साथ 7.50 लाख नए सदस्यों को जोड़े हैं। यह रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दशार्ता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि ईपीएफओ ने अक्टूबर 2024 में नेट 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा है। इस दौरान ईपीएफओ से 7.50 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। ईपीएफओ के जारी आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में 18-25 आयु वर्ग के जोड़े गए कुल नए सदस्यों की संख्या 5.43 लाख है। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर के



दौरान 18-25 आयु वर्ग का दबदबा रहा है, जो अक्टूबर 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 58.49 फीसदी है। ईपीएफओ के अक्टूबर 2024 के लिए जारी आंकड़ों से चलता है कि लगभग 12.90 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर निकल गए और बाद में फिर से जुड़ गए। इस दौरान जोड़े गए नए सदस्यों में से करीब 2.09 लाख नई महिला सदस्य हैं। ये आंकड़ा अक्टूबर 2023 की तुलना में 2.12 फीसदी की साल-दर-साल वृद्धि को दशार्ता है। हालांकि, अक्टूबर महीने के दौरान शुद्ध महिला सदस्य जुड़ाव करीब 2.79 लाख रहा, जो महिला सदस्यों में वृद्धि अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है। मंत्रालय ने कहा कि ईपीएफओ के जारी पेरोल डेटा के राज्यवार विश्लेषण से पता चलता है कि टॉप 5 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुद्ध सदस्य वृद्धि कुल सदस्य वृद्धि का करीब 61.32 फीसदी है।

## अडानी ने खरीदी एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी, 400 करोड़ में हुई डील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीते कुछ महीनों में भारत के उद्योगपति गौतम अडानी अमेरिकी के लगाए गए आरोपों के चलते विवादों में रहे, लेकिन इस बीच उनका फोकस पूरी तरह कारोबार के विस्तार पर था। अब साल के आखिर में अडानी ग्रुप ने एक बड़ी डील की है। इसके तहत अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी खरीदी है। गौतम अडानी ने जिस एयर वर्क्स कंपनी की अधिग्रहण किया है, वह भारत की प्रमुख प्राइवेट एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस कंपनी है। यह अधिग्रहण अडानी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने किया है और इसके साथ ही कंपनी की एंट्री विमान मैंटिनेंस, रखरखाव और ओवरहाल इंडस्ट्री में हो गई है। अडानी ग्रुप के मुताबिक ये पूरी डील 400 करोड़ में हुई है। इस 400 करोड़ रुपए की डील के जरिए अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स में 85.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है और एग्रीमेंट साइन किए हैं। इस संबंध में अडानी ग्रुप की ओर से एक बयान जारी किया गया है जिसमें कहा है कि एडीएसटीएल ने देश की सबसे बड़ी प्राइवेट एमआरओ कंपनी एयर वर्क्स में मैजोरिटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए डील की है। एयर वर्क्स इंडिया की स्थापना साल 1951 में की गई थी।

## ई-कॉमर्स में उभर रही चुनौतियों से निपटने नए ऐप लॉन्च

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के विभाग ने उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा देने और भ्रामक ऑनलाइन प्रथाओं से निपटने के लिए नए ऐप लॉन्च किए। ये ऐप डिजिटल उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स में उभर रही चुनौतियों से निपटेंगे। ये नए उपाय सरकार की उपभोक्ता सशक्तिकरण और डिजिटल परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हैं। इन ऐप के माध्यम से केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की क्षमता काफी बढ़ जाएगी और उसे डार्क पैटर्न्स के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर ग्राहकों की रक्षा करने में सहायता मिलेगी। जागो ग्राहक जागो ऐप उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक



ई-कॉमर्स जानकारी प्रदान करता है और उन्हें सचेत करता है कि कोई यूआरएल असुरक्षित हो सकता है और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं, जागृति ऐप यूजर्स को उन यूआरएल की रिपोर्ट करने में मदद करता है, जहां उन्हें उन एक या अधिक डार्क पैटर्न की उपस्थिति का संदेह है, जिन्हें अवैध घोषित किया गया है। जागो ग्राहक जागो ऐप उपभोक्ताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, जिससे वे संभावित असुरक्षित वेबसाइटों की पहचान कर सकते हैं। यह ऐप ऑनलाइन खरीदारी के जोखिमों के प्रति सतर्क करता है, उपभोक्ताओं को जागरूकता बढ़ाने और सूचित निर्णय लेने में मदद करता है। जागो ग्राहक जागो ऐप किसी उपभोक्ता की ऑनलाइन एक्टिविटीज के दौरान के सभी यूआरएल यानी लिंक के बारे में ई-कॉमर्स से जुड़ी जानकारी देता है और अगर कोई यूआरएल असुरक्षित लगे तो उपभोक्ता को चेतावनी जारी करता है।

## मस्क की संपत्ति 474 अरब डॉलर पर पहुंची

एजेंसी

**लास वेगास।** टेस्ल के प्रमुख एलन मस्क की संपत्ति 474 अरब डॉलर तक पहुंच गयी है। मंगलवार को मस्क की कंपनी के शेयर बढ़ने से उनपर एक प्रकार से डॉलर की बारिश हुई। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार उनकी संपत्ति एक ही दिन में 22 अरब डॉलर उछल कर 474 अरब डॉलर पर पहुंच गई। अब मस्क 500 अरब डॉलर के आंकड़े से केवल 26 अरब डॉलर दूर हैं। जिस प्रकार से उनकी कंपनी के शेयर ऊपर जा रहे हैं उससे तय है कि मस्क साल 2024 में ही 500 अरब डॉलर के मुकाम तक पहुंच जाएंगे। मंगलवार 24 दिसंबर को टेस्ला के शेयरों में आए 7.35 फीसदी उछाल से उनके शेयर में जबरदसत उछाल है। अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की जीवन भर



की कमाई के लगभग बराबर कमाई मस्क ने केवल साल 2024 में ही कर ली है। इस साल अब तक मस्क के नेटवर्थ में 245 अरब डॉलर की तेजी रही है। जबकि बेजोस का कुल नेटवर्थ 248 अरब डॉलर ही है। इस साल बेजोस ने भी 70.70 अरब डॉलर अपने नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। इस साल कमाई के मामले में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग दूसरे नंबर पर हैं। इनका नेटवर्थ इस साल अबतक 86.8 अरब डॉलर बढ़कर 215 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## आकाश के स्पार्कल को जोमैटो व जेरोधा से मिली सहायता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के प्रमोटर आकाश चौधरी को अपने नए वेंचर स्पार्कल एडवेंचर के लिए जोमैटो के दीपिंदर गोयल और जेरोधा के नितिन कामथ से सहायता मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार कामथ का रेनमैटर फंड, जो फिनटेक और सस्टेनबिलिटी पर अपने फोकस के लिए जाना जाता है, गोयल के साथ 4 मिलियन डॉलर के सीड फंडिंग राउंड में भाग ले रहा है। एडिशनल मार्की निवेशकों के भी इस राउंड में शामिल होने की उम्मीद है। आकाश ने इस साल अक्टूबर में मेरिटनेशन डॉट कॉम के संस्थापकों पवन चौहान और




रितेश हेमराजानी के साथ साझेदारी में स्पार्कल लॉन्च किया। मेरिटनेशन, एक एडटेक प्लेटफॉर्म है, जिसे चौधरी के फैमिली बिजनेस, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने साल 2020 में अधिग्रहित किया था। यह इस सहयोग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। यह वेंचर 2021 में एईएसएल की बायजू को 950 मिलियन डॉलर की ऐतिहासिक बिक्री के बाद है, जो भारत के सबसे बड़े एडटेक सौदों में से एक है। चौधरी के पास एईएसएल में 11 फीसदी की हिस्सेदारी है। स्पार्कल का लक्ष्य 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों को ऑनलाइन ट्यूशन देना है, जिसमें इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (आईबी) और कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। विस्तार करने की योजना अब अपनी तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाकर आगे विस्तार करने की योजना बना रहा है। एक सूत्र ने कहा, प्लेटफॉर्म को शुरू में 2025 में लॉन्च करने की योजना थी, लेकिन तय समय से पहले उत्पाद तैयार होने के कारण, समयसीमा को तेजी से आगे बढ़ाया गया। सीड फंडिंग से स्पार्कल के रोलआउट में तेजी आने की उम्मीद है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने ईवी ने देश में 4,000 स्टोर्स का रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी

**रांची।** ओला इलेक्ट्रिक जो भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी के नाम से जानी जाती है, उसने आज अपने नेटवर्क को 4,000 स्टोर्स तक बढ़ाने की घोषणा करी, जो मौजूदा नेटवर्क से चार गुना ज्यादा है। यह दुनिया में ईवी नेटवर्क के सबसे बड़े विस्तारों में से एक माना जा रहा है, इस विस्तार से यकीनन देश में ईवी तक लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी और ईवी के क्षेत्र में बहुत बड़ा विकास होने की संभावनाएं भी काफी हद तक बढ़ जाएंगी साथ ही ईवी के प्रति भरोसा और उसे अपनाने को मजबूती भी मिलेगी। कंपनी ने बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता के चलते 3,200 से भी ज्यादा नए स्टोर्स को लॉन्च किया है, जो सर्विस




सुविधाओं के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसा कर कंपनी ने टियर-1 और टियर-2 शहरों के अलावा छोटे छोटे कस्बों और तहसीलों तक अपनी पहुंच को बड़ी गहराई से बढ़ाया है। इस विस्तार के साथ ओला इलेक्ट्रिक ने अपने सेविंग वाला स्कूटर अभियान के तहत किए गए वादे को पूरा कर दिया है। भविष अग्रवाल ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि, हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा कर दिखाया है। भारत के ईवी के सफर में आज का दिन बहुत बड़ा है, क्योंकि हमने अपने नेटवर्क का विस्तार हर शहर, हर कस्बे और हर तालुका तक कर दिया है। हमारे नए स्टोर्स, जो सर्विस सेंटर्स के साथ जुड़े हैं, उन्होंने ईवी खरीदने और उसे इस्तेमाल करने के अनुभव को पूरी तरह से बदल दिया है। सेविंग वाला स्कूटर अभियान के साथ हमने नए मानक स्थापित किए हैं। जैसे-जैसे हम उन्नत हो रहे हैं, हम इन्नोवेशन की सीमाओं को नया आयाम देने और देश की ओर तेजी से ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। र1 पोर्टफोलियो पर 25,000 तक का शानदार ऑफर्स ओला इलेक्ट्रिक ने अपने नेटवर्क के बड़े विस्तार के सुनहरे मौके पर र1 पोर्टफोलियो पर 25,000 रुपए तक के फायदे देने वाले आकर्षक ऑफर्स पेश किए हैं, जो कि सिर्फ 25 दिसंबर 2024 के खास दिन के लिए ही उपलब्ध हैं। साथ ही ग्राहक अपने नजदीकी नए ओला स्टोर पर जाकर र1 पोर्टफोलियो पर लगभग 7,000 रुपए तक की फ्लैट छूट का लाभ पा सकते हैं।

# कंपनियां करें कॉलिंग-एमएसएस पर फोकस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल यूजर्स को जल्द ही सस्ते रिचार्ज का ऑप्शन मिल सकता है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स से कंज्यूमर्स के लिए कॉलिंग और एमएसएस फोकस प्लान्स लॉन्च करने के लिए कहा है, जिसमें वैलिडिटी भी मिलती हो। टेलीकॉम ऑपरेटर्स के पोर्टफोलियो पर नजर डालें तो इसमें सभी प्लान्स डेटा पर फोकस्ड मिलते हैं यानी इसमें कॉलिंग, एसएमएस और डेटा तीनों मिलता है। ऐसे में कई यूजर्स जिन्हें




डेटा नहीं चाहिए होता है, उन्हें भी डेटा के लिए भुगतान करना पड़ता है। इस तरह का प्लान ना होने की वजह से जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के यूजर्स को अपना सिम एक्टिव रखने के लिए हर महीने करीब 200 रुपए खर्च करने होते हैं। वहीं कुछ ऐसे यूजर्स भी हैं, जिन्हें लॉन्ग टर्म प्लान्स चाहिए होता है। आपको ऐसा लॉन्ग टर्म प्लान नहीं मिलेगा, जो सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस पर फोकस्ड करता हो। ट्राई ने 23 दिसंबर को जारी अपने आदेश में कहा कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को ऐसे एसटीवी जारी करने होंगे, जो सिर्फ वॉयस कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा के साथ आते हों, जिससे कंज्यूमर्स सिर्फ उस सर्विस के लिए ही भुगतान करें, जो वह यूज करते हैं। इसका टेलीकॉम कंपनियों के कारोबार पर बड़ा असर पड़ेगा। ट्राई ने पहले भी इस पर कंपनियों से सुझाव मांगा था, जिसमें टेलीकॉम कंपनियों ने इसका विरोध किया था। कंपनियों का कहना था कि इस तरह के किसी नए प्लान की जरूरत नहीं है। कंज्यूमर्स के लिए ऐसे प्लान्स पहले से ही मौजूद हैं। बता दें कि टेलीकॉम कंपनियों ने कुछ साल पहले ही लाइफटाइम फ्री इनकमिंग की सुविधा खत्म कर दी है। इसके बाद ग्राहकों को अपना सिम कार्ड एक्टिव रखने के लिए हर महीने मिनिमम रिचार्ज करना होता है। वहीं इस साल जुलाई में टेलीकॉम कंपनियों ने अपने रिचार्ज प्लान्स की कीमतों में भी वृद्धि की है। इसकी वजह से कंज्यूमर्स को करीब 200 रुपए हर महीने सिर्फ सिम एक्टिव रखने के लिए खर्च करने होते हैं। वहीं सभी प्लान्स में डेटा दिया जाता है। ऐसे में जिन यूजर्स को डेटा की जरूरत नहीं होती है, उन्हें भी इस सर्विस के लिए भुगतान करना पड़ता है।

## रिलायंस के जरिए भारतीय बाजार में प्रवेश कर रही चीन की ई-कॉमर्स कंपनी शीन

एजेंसी

**मुंबई।** एप आधारित चीनी ई-कॉमर्स कंपनी शीन अब रिलायंस रिटेल में साझेदारी के जरिये भारतीय बाजार में प्रवेश कर रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अजियो पर शीन ने अपने कपड़ों के ताजा कलेक्शन की टेस्टिंग और कैटलॉगिंग भी शुरू कर दी है। रिलायंस इस ब्रांड को अपने अन्य प्लेटफॉर्म तक भी ले जाएगी। इससे भारतीय बाजार में रिलायंस की फास्ट-फैशन सेगमेंट में टाटा समूह के जुडियो और फ्लिपकार्ट के मिंत्रा के साथ प्रति स्पर्धा और बढ़ेगी। वहीं उपभोक्ताओं को अधिक वैरायटी मिलेगी। सरकार ने साल 2020 में भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ही शीन सहित 50 चीनी एप पर प्रतिबंध लगा दिया था। शीन की हालांकि भारतीय डेटा तक पहुंच नहीं रहेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि शीन का संचालन देश के एक स्वदेशी रिटेल प्लेटफॉर्म पर होगा। शीन उसक समय भारतीय बाजार में दोबारा प्रवेश कर रहा है, जब उसके राजस्व में कमी देखी गई है। इस साल की पहली छमाही शीन का राजस्व गत वर्ष के 40 फीसदी से घटकर 23 फीसीदी रह गया है। रेडसीर स्ट्रेटजी कंसल्टेंट्स के मुताबिक भारत में गत वित्त वर्ष में फास्ट फैशन सेगमेंट में 40 फीसदी बढ़त हुई है।

**खास खबर**

## बिजली कर्मियों का खेल महोत्सव 10 से

**इन्दौर ।** आगामी दस 10 जनवरी से बिजली कंपनी के 15 जिलों के कार्मिकों के लिए खेल महोत्सव मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने इसकी तैयारी के संबंध में एक मीटिंग ली। मीटिंग के पश्चात मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं जुटाई जाएगी, साथ ही पूरे उत्साह के साथ ही छह दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित होगा, सातवें दिन 16 जनवरी को फाइनल और पुरस्कार वितरण समारोह प्रबंध निदेशक की मौजूदगी में होगा। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि पोलोग्राउंड इंदौर में खेल महोत्सव में टेबल टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट, पावर लिफ्टिंग, चेस, कैरम, वॉलीवॉल, बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताएं होगी। समापन अवसर पर प्रदर्शन के रूप में महिला कार्मिकों की रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहेंगे शाहीन अफरीदी

**कराची।** पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी आगामी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले पूरी तरह से तरोताजा होना चाहते हैं। इसी को देखते हुए शाहीन टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर नहीं जाना चाहते हैं। शाहीन ने टीम प्रबंधन और चयन समिति से कहा है कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उन्हें शामिल नहीं किया जाये। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। वहीं पाक टीम को दक्षिण अफ्रीका दौर में दो टेस्ट मैच खेलने हैं। ऐसे में शाहीन के नहीं होने से उसे परेशानी होगी पर मुख्य चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में आराम दिया जा सकता है। शाहीन ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में राहुल बना सकते हैं रिकार्ड

**मेलबर्न ।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लोज केएल राहुल मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां होने वाले एक चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अगर शतक लग देते हैं तो एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। राहुल ने अब तक तीन मैचों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 235 रन बनाए हैं हालांकि इस दौरान वह कोई शतक नहीं लगा पाये। अब भारत को चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला है और यहां पर केएल राहुल से भी अच्छी पारी की उम्मीद सबको है। वहीं अगर इस टेस्ट मैच में राहुल शतक लगा देते हैं तो वो बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लागने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट में अब तक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में केएल राहुल सचिन तेंदुलकर और अंजिक्य रहाणे के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं।

# एमसीजी में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**एजेंसी**

**मेलबर्न ।** भारतीय टीम गुरुवार से यहां होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। एमएसजी मैदान पर भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा रहा है। उससे भी टीम प्रेरित होगी। अभी तक ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अपनी दावेदारी बनाये रखने भारतीय टीम को हर हाल में इस मैच में जीत चाहिये होगी। ब्रिस्बेन टेस्ट में भारतीय टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों आकाशदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर मैच ड्रा करा दिया था पर शीर्ष क्रम के केएल राहुल को छोड़कर अन्य सभी बल्लेबाज विफल रहे थे। ऐसे में अब इस मैच में जीत के लिए भारतीय टीम के शीर्ष क्रम को भी रन बनाने होंगे। अब तक इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाज रन नहीं बना पाये हैं जिससे गेंदबाजों पर अतिरिक्त दबाव आया है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के खराब फॉर्म को देखते हुए बल्लेबाजी क्रम में उनके मध्य क्रम में उतरने की ही संभावना है। वहीं अगर रोहित पारी की शुरूआत करते हैं तो राहुल को फिर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति में शुभमन गिल को मध्य क्रम में उतरना होगा। रोहित को 2019 में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया था और तब से उन्होंने मध्यक्रम में खेलना बंद कर दिया था लेकिन अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल और पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले यशस्वी जायसवाल से पारी की शुरूआत के कारण वह दूसरे और तीसरे मैच में छठे नंबर पर उतरे। रोहित मध्यक्रम में असफल रहे हैं। अब अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जाता है तो यह देखना होगा कि भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम किस प्रकार का होगा। वहीं रोहित से जब उनके बल्लेबाजी क्रम को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, ह्लकौन कहां बल्लेबाजी करेगा इसको लेकर चिंता ना करें। हमें इस पर विचार करने की जरूरत है और यह ऐसी चीज नहीं है जिस पर मैं यहां चर्चा करूं। हम वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। दोनों कप्तानों का मानना है कि सीरीज के अभी तक के परिणाम से दोनों टीम के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का पता चलता है लेकिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर चीजें तेजी से बदल सकती हैं।




## जिम्बाब्वे के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर हुए राशिद खान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान निजी कारणों से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के शुरूआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं। 26 वर्षीय राशिद अपनी पीठ की चोट के बाद अपने चिकित्सक की सलाह के अनुसार लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर थे और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से चूक गए।

बाद में, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की कि वह नवंबर तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहेंगे और इस बात पर संदेह था कि वह जिम्बाब्वे दौरे के लिए टेस्ट टीम में जगह बना पाएंगे या नहीं। हालांकि, राशिद को अंततः बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 26 दिसंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।



मंगलवार को दिग्गज लेग स्पिनर ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह नीदरलैंड में पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। उसी दिन अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुलावायो में अपनी टीम की पहले टेस्ट के लिए तैयारियों की तस्वीरें पोस्ट की थीं। एसीबी द्वारा शेयर की गई उन तस्वीरों में राशिद का कोई निशान नहीं था।

# भारतीय टीम जीतेगी बॉक्सिंग डे टेस्ट और सीरीज : शास्त्री

**एजेंसी**

**मेलबर्न ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय टीम बॉक्सिंग डे टेस्ट के साथ ही बॉर्डर गावस्कर भी सीरीज जीतेगी। शास्त्री ने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ( एमसीजी) में भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा रहा है। यहां पहले दिन के खेल से ही तय हो जाएगा कि सीरीज किसी ओर जाएगी। अब तक ये सीरीज 1-1 से बराबर होने के कारण दोनो ही टीमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए बढ़त हासिल करने बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतना चाहेंगी। शास्त्री ने कहा, जिस तरह से यह सीरीज आगे बढ़ रही है, मुझे लगता है कि भारतीय टीम इस सीरीज को जीतेगी। टीम 1-1 से बराबरी पर है, पर्थ, एडिलेड और ब्रिस्बेन में हालांकि वह उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही है। बॉक्सिंग डे में 1-1 से आगे बढ़ना सबसे अच्छी स्थिति है। मैं कहूंगा कि भारत आगे है। शास्त्री ने कहा कि भारत यहां जीतने के लिए आया है, न कि संख्या बढ़ाने के लिए। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में जीतने के लिए एक टीम के पास अच्छी तरह से सोची-समझी रणनीति होनी चाहिये केवल प्रतिस्पर्धा करने से ही सहायता नहीं मिलती। उन्होंने कहा, जब मैं कोच था, तब भी हमारा मंत्र बहुत कठिन, निष्पक्ष खेलना और जीतना था। आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए एक तरीका सोचना होगा, न कि केवल प्रतिस्पर्धा करना। आपको ठीक से योजना बनानी होगी, कि अपने 20 विकेट लिए जायें। भारतीय टीम ने पूर्व में ऐसा किया है। वे पहले भी कठिन हालातों में ऑस्ट्रेलिया का सामना कर चुके हैं और जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मनोरंजक और उत्साहपूर्ण रहा है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम अभी आगे है। मुझे लगता है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट का पहला दिन तय करेगा कि सीरीज किस तरफ जाएगी।




**आईआईसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग**

## बुमराह ने हासिल किए 904 रेटिंग पॉइंट्स

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईआईसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में 904 रेटिंग पॉइंट्स पाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अश्विन को दिसंबर 2016 में इतने रेटिंग पॉइंट्स मिले थे। उधर, ट्रैविस हेड लगातार शानदार प्रदर्शन के बाद आईआईसी मेंस टेस्ट बैटिंग रैंकिंग के टॉप-4 में पहुंच गए हैं। इसकी वजह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ उनका अच्छा प्रदर्शन है। हेड यशस्वी जायसवाल को पीछे कर ऊपर पहुंचे, यशस्वी अब नंबर-5 पर पहुंच गए। टॉप पर इंग्लैंड के जो रूट हैं। बुमराह ने अब तक बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीन शुरूआती मैचों में 21 विकेट लिए हैं। वे टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा (856) इस समय दूसरे और ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड (852) तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि रविंद्र जडेजा को विकेट ना मिलने से नुकसान हुआ है और वे टॉप 10 से बाहर हो गए हैं।




## ब्राजील के पूर्व डिफेंडर राफिन्हा अपने मूल क्लब कोरीतिबा में लौटे

**एजेंसी**

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर राफिन्हा ने अपने मूल क्लब कोरीतिबा में मुफ्त ट्रांसफर पर फिर से शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है। ब्राजील के सेरी बी क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

39 वर्षीय खिलाड़ी ने इस महीने की शुरूआत में साओ पाउलो से अलग होने के बाद इस क्लब के साथ एक साल का अनुबंध किया है, जिससे उनके पेशेवर करियर की शुरूआत हुई थी। राफिन्हा ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक वीडियो में कहा, मैं आपको यह बताने के लिए यहां हूं कि मैं लगभग 20 साल पहले जब मैं यहां से गया था, तो मैंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने में मैं कभी असफल नहीं हो सकता। मैं एक बच्चे के रूप में यहां से चला गया था और आज मैं कोरीतिबा को उसके मूल स्थान पर वापस लाने में मदद करने के लिए वापस आया हूं।



2005 में राफिन्हा कोरीतिबा छोड़कर जर्मनी के शाल्के में शामिल हो गए और उसके बाद से राइट-बैक ने जेनोआ, बायर्न म्यूनिख और फ्लेमेंगो सहित अन्य क्लबों में खेला है। वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए चार बार खेल चुके हैं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए उत्साहित हैं रिजवान

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और सीमित ओवरों के प्रारुप के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने हाइब्रिड मॉडल के आधार पर चैम्पियंस ट्रॉफी आयोजित करने के फैसले की प्रशंसा की है। नकवी और रिजवान ने कहा कि ये फैसला बेहद अहम है। पाकिस्तान की टीम 28 साल बाद किसी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इससे पहले यहां पिछली बार आईसीसी टूनार्मेंट 1996 विश्वकप के तौर पर हुआ था। पीसीबी की पत्रकार वार्ता में रिजवान ने कहा, एक क्रिकेट प्रशंसक देश के तौर पर हम सभी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह एक शानदार अवसर है क्योंकि पाक 28 साल में अपने देश में पहली आईसीसी प्रतियोगिता स्वागत करने को तैयार है।

# भारतीय हॉकी को शीर्ष पर ले जाएगा एचआईएल : ललित कुमार

**एजेंसी**

**राउरकेला।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) टीम यूपी रुद्रास के फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय राउरकेला में वेदांत कलिंगा लांसर्स का सामना करने के लिए एक सप्ताह से प्रशिक्षण ले रहे हैं। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, ललित अपने शुरूआती करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह के लिए लड़ने का अवसर प्रदान करने का श्रेय एचआईएल को देते हैं। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में ललित ने कहा, ह्लजब लीग की शुरूआत हुई, तो यह भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच था। इससे हमें अपनी प्रतिभा दिखाने और सीधे टीम में जगह बनाने का मौका मिला। उन्होंने लीग द्वारा प्रदान की गई वित्तीय और पेशेवर सहायता पर प्रकाश डाला, और खेल की प्रोफाइल को ऊपर उठाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया।



उन्होंने कहा, ह्लइससे हमें उन दिग्गजों के साथ खेलने का अनुभव मिला जिन्हें हमने केवल टीवी पर देखा था। ऐसे आइकनों के साथ मैदान साझा करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा और प्रतिस्पर्धी परिदृश्यों में हम और अधिक सहज हो गए। पहली एचआईएल के बाद भारत का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर गया, और अब लीग की वापसी के साथ, मुझे यकीन है कि यह हमें शीर्ष पर ले जाएगा और हमें वहां बने रहने में मदद करेगा। कलिंगा लांसर्स के साथ ललित की यात्रा 2013 में एचआईएल के पिछले संस्करण के दौरान शुरू हुई थी। इस मंच ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए रास्ता बनाने की अनुमति दी। लीग में अपने समय को दशार्ते हुए, ललित ने अपने तीन सबसे पसंदीदा एचआईएल क्षण साझा किए। उन्होंने कहा, मैं 2013 में जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम से बाहर था, लेकिन एक कलिंगा लांसर के रूप में, मैंने यूपी टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ गोल किया। यह सीजन के सर्वश्रेष्ठ गोलों में से एक था और हॉकी विश्व कप 2014 में भारतीय टीम के लिए चुने जाने का मुख्य कारण था। उन्होंने आगे कहा, ह्लमेरी दूसरी सबसे अच्छी याद 2017 सीजन की है। फिर, कलिंगा लांसर्स के हिस्से के रूप में, मैंने उल्लेखनीय गोल किए और टीम को खिताब जीतने में मदद की। हमारे बीच कई करीबी मुकाबले हुए, जिनमें से कई पेनल्टी शूटआउट तक चले। यूपी विजाड्र्स के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में, मैंने भारतीय हॉकी की महान दीवार, पीआर श्रीजेश को पीछे छोड़ते हुए एक महत्वपूर्ण गोल किया।

# नेशनल साफ्ट टेनिस के लिए उत्तर प्रदेश की टीम रवाना

**एजेंसी**

**लखनऊ।** 19वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 27 दिसम्बर से चंडीगढ़ में शुरू हो रही है। इस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उप्र की टीम का चयन हो गया है। इन खिखाड़ियों को बुधवार को किट वितरित किया गया। इसके साथ ही टीम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गयी। चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम में बालक वर्ग में यश पटेल, अनुज पांडे, राज पांडे, साहिल सिंह, विवेक, ओमकार जोशी, आराध्य चौहान एवं प्रशांत वर्मा शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग में अनुष्का, खुशी, नव्या, सोनाली, जमजम, संस्कृति, रिषिभा एवं स्वास्तिका शामिल हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मृत्युंजय साहनी, कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा, एवं महासचिव प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे। इन्होंने खिलाड़ियों को नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मृत्युंजय साहनी ने उम्मीद जतायी कि चंडीगढ़ में खिलाड़ी अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन करेंगे और मेडल अपने नाम कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



## रिकार्ड बना सकते हैं बुमराह और जडेजा

**एजेंसी**

**मेलबर्न ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा गुरुवार से यहां के एमएसजी में होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में रिकॉर्ड बना सकते हैं। बुमराह के पास यहां अपने 200 टेस्ट विकेट पूरे करने का अवसर है। वहीं जडेजा के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट का आंकड़ा हासि करने का अवसर है। बुमराह के अभी 194 विकेट हैं और उन्हें 200 टेस्ट विकेट हासिल करने के लिए केवल छह विकेट चाहिये। इसी के साथ ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह 12वें भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। अभी 43 टेस्ट में बुमराह ने 19.52 की औसत से 194 विकेट लिए हैं जिसमें 6/27 और 12 बार 5 विकेट लेने का उनका रिकार्ड रहा है। बुमराह अब तक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और निरंतरता के मामले में सभी से आगे हैं, उन्होंने तीन मैचों में 10.90 की औसत से कुल 21 विकेट लिए हैं जिसमें उनके नाम 6/76 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े और दो बार पांच विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में 17.15 की औसत से 53 विकेट लिए हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट और 6/33 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े शामिल हैं।



# ऑस्ट्रेलिया पहले खो-खो विश्व कप के लिए तैयार

▸ पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में लेगा हिस्सा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया 13-19 जनवरी, 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए तैयार है।

ऑस्ट्रेलिया की ताकतवर टीम हमेशा से ही अपनी समृद्ध खेल संस्कृति के लिए जानी जाती है।

क्रिकेट से लेकर रग्बी तक, वे हमेशा से ही अपनी ताकत का लोहा मनवाते आए हैं और खो-खो में भी वे अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं, जहां वे पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग लेंगे। 15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में, कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के 6 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ी भी हैं। टीम के एक सदस्य गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, ?एक महान खेल राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है, हम हमेशा ऐसे खेलों को आजमाने के लिए तैयार रहते हैं जिन्हें हमने पहले नहीं खेला है और मेरे लिए यह एक अद्भुत अवसर है कि मैं ऑस्ट्रेलिया के खेल मूल्यों जैसे निष्पक्ष खेल, प्रतिस्पर्धा और दृढ़ता को विश्व कप में ला पाऊं। मैंने पाया है कि यह बहुत तेज और कठिन खेल है। साथ ही, यह बहुत मजेदार है और मैं वैश्विक आयोजन में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। इस खेल को देश के प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिल रहा है और वे बहुत उत्साहित हैं कि एक ऑस्ट्रेलियाई टीम बहु-राष्ट्र टूनार्मेंट में प्रतिस्पर्धा करेगी। उन्होंने कहा, हमें प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिल रहा है, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में है। जो लोग खो-खो के बारे में जानते हैं, उनके लिए यह बहुत बढ़िया है और जो लोग इस खेल के बारे में पता लगा रहे हैं, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित और गौरवान्वित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम है। खो खो ऑस्ट्रेलिया महासंघ देश में खेल को विकसित करने और एक ऐसी टीम विकसित करने के लिए बहुत उत्सुक है, जिसका सम्मान किया जा सके। खेल के निरंतर विकास को सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर खो खो को विकसित करने पर दीर्घकालिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। किसी खेल का सांस्कृतिक महत्व, विशेष रूप से वह जिसकी जड़ें किसी विशेष देश में हों, उसके अर्थ और प्रभाव को और गहरा बनाता है। जब खो खो जैसा कोई भारतीय मूल का खेल ऑस्ट्रेलिया में खेला जाता है, तो सामुदायिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक उत्सव के लिए जगह खुलती है। भारतीय टीम के अभिन्न अंग ओजस कुलकर्णी, जो एक दशक से भी अधिक समय से खेल से जुड़े हुए हैं, के शब्दों में, ?इस सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण खेल में भाग लेने के सामाजिक और भावनात्मक लाभ शारीरिक स्वास्थ्य से कहीं बढ़कर हैं। यह समावेशिता, विविधता के प्रति सम्मान और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे ये खेल लोकप्रिय होते जाते हैं, वे संस्कृति, पहचान और सामुदायिक मूल्यों के बारे में बातचीत को सुविधाजनक बनाने वाले पुल भी बनते हैं।





मेलबर्न के एमएसजी मैदान पर अभ्यास के दौरान दौड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड।

# 'अर्जुन उस्तरा' से बाहर होने के बाद कार्तिक का करियर संकट में



इस साल होली के तुरंत बाद जिस एक फिल्म के रंग सबसे ज्यादा हिंदी सिनेमा में बिखरने की उम्मीद दर्शकों को रही, वह फिल्म थी 'अर्जुन उस्तरा'। फिल्म 'चंदू चैंपियन' की रिलीज से पहले निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने अपने चहीते कलाकार कार्तिक आर्यन के साथ ये तीसरी फिल्म बनाने का फैसला किया था लेकिन 'चंदू चैंपियन' ने जिस तरह साजिद के पैसे बॉक्स ऑफिस पर डुबोए, उसके बाद ही फिल्म 'अर्जुन उस्तरा' से कार्तिक की छुट्टी कर दी गई। सुनने में आया है कि टी सीरीज की फिल्म 'भूल भुलैया 4' भी बिना कार्तिक आर्यन के बन सकती है। कार्तिक आर्यन बीते कुछ साल की तरह इस साल भी दिसंबर महीने में पुरस्कार बटोरने में लग गए हैं।

हर कार्यक्रम से पहले कार्यक्रम आयोजकों और कार्तिक आर्यन की टीम के बीच जमने वाली जुगलबंदी की कहानियां खूब चटखारे लेकर लोग अब मुंबई में सुना रहे हैं। फिल्म 'धमाका' को पूरी तरह नकार दिए जाने के बाद कार्तिक आर्यन के अभिनय की तारीफ सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई उनकी दूसरी फिल्म 'फ्रेडी' को लेकर हुई थी। लेकिन, इसके बाद आई फिल्मों 'शहजादा', 'सत्यप्रेम की कथा' और 'चंदू चैंपियन' की विफलता ने कार्तिक के करिश्मे पर खूब पानी फेरा। फिल्म 'शहजादा' के लिए जब टी सीरीज ने उनकी मुंहमांगी रकम देने से इंकार किया तो वह इस फिल्म के निर्माता भी बने।

टी सीरीज की इसके पहले बनी फिल्म 'भूल भुलैया 2' के प्रचार के समय तब्बू के साथ कार्तिक की अनबन भी खूब चर्चा में रही। अब बताते हैं कि फिल्म 'भूल भुलैया 3' की रिलीज और उसके बाद कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी के आपसी समीकरण इतने बिगड़े कि तृप्ति ने उनके साथ फिल्म 'आशिकी 3' में काम करने से ही मना कर दिया है।

# रणबीर-आलिया के साथ बेबी राहा ने जीता दिल

कपूर परिवार में क्रिसमस खास अंदाज में सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन पूरा परिवार एक साथ लंच करता है। इस बार भी यह आयोजन रखा गया। इस साल क्रिसमस लंच दिवंगत एक्टर शशि कपूर के घर रखा। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, रीमा कपूर और रणधीर कपूर सहित पूरा कपूर परिवार वहां इकट्ठा हुआ। इस दौरान बेबी राहा सारी लाइमलाइट लूट ले गईं।



बेबी पिंक और व्हाइट कलर की फ्रॉक में राहा बहुत प्यारी लगीं। वहीं, आलिया भट्ट रेड कलर के वनपीस में नजर आईं। पैपराजी के सामने आकर राहा ने हाथ हिलाते हुए कहा, 'हाय फैंस'। इसके बाद उन्होंने फ्लायंग किस दिया। पूरे टाइम राहा अपने पापा की गोद में रहीं। कैमरों की लाइट और पैपराजी के शोर के बीच वह थोड़ी असहज भी नजर आईं। क्रिसमस के मौके पर ही रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने फैंस को अपनी बिटिया की पहली झलक दिखाई थी। इस साल भी उन्होंने फैंस का दिन बना दिया है।

क्यूट राहा को क्रिसमस के मौके पैपराजी से मिलवाया गया। हालांकि, राहा को मीडिया के सामने लाने से पहले आलिया भट्ट ने यह सुनिश्चित किया कि ज्यादा शोर न हो। फिर रणबीर कपूर बेटी को गोद में लेकर आए। राहा भी हंसती-मुस्कुराती हुई मीडिया को पोज देती दिखीं।

# विवेक ओबेरॉय ने क्यों ठुकराया था शाहरुख की 'ओम शांति ओम का ऑफर'



फराह खान की 'ओम शांति ओम' बॉलीवुड की क्लासिक फिल्म है जो फैंस के दिलों के करीब है। इस मूवी में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अर्जुन रामपाल ने लीड रोल प्ले किया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म में विलेन 'मुकेश मेहरा' के किरदार के लिए विवेक ओबेरॉय पहली पसंद थे लेकिन उन्होंन इस ऑफर को ठुकरा दिया था और बाद में अर्जुन रामपाल ने इस भूमिका को निभाया था। वहीं विवेक ने 17 साल बाद खुलासा किया है कि आखिर उन्होंने 'ओम शांति ओम' को ना क्यों कहा था? एक इंटरव्यू में, विवेक ओबेरॉय ने खुलासा किया कि उन्हें फराह खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' का ऑफर मिला था लेकिन ये अपूर्व लाखिया के गैंगस्टर ड्रामा, शूटआउट एट लोखंडवाला से क्लैश कर रही था, जिसके लिए वह पहले ही कमिटेड थे। अभिनेता ने बताया, "क्योंकि तारीखें भी टकरा रही थीं और दोनों निगेटिव रोल थे। मुझे मेरी भूमिका (शूटआउट एट लोखंडवाला में) पसंद आई। इसके अलावा, जब फराह ने मुझसे इस रोल के लिए कॉन्टेक्ट किया, तब तक मैंने इस किरदार के लिए अपना पूरा रिसर्च करना शुरू कर दिया था।'' दरअसल जब फराह खान ने उनसे कॉन्टेक्ट किया, तब तक विवेक शूटआउट एट लोखंडवाला में कुख्यात गैंगस्टर 'माया डोलस' की अपनी भूमिका में काफी दिलचस्पी ले चुके थे। विवेक ने कहा, "मैं पुलिस से मिला, उसकी क्राइम फाइलें पढ़ीं और किरदार की कल्पना करना शुरू किया। मैंने उस भूमिका के लिए पहले ही चार-पांच महीने की तैयारी कर ली थी। फिर, उस समय, अचानक गियर बदलना और एक दूसरा रोल करना मुश्किल होता।'' विवेक ने आगे कहा, "अगर यह कोई अलग स्थिति होती, तो मैं निश्चित रूप से हां कहता।

# ऑस्कर में पहुंचा ऐश्वर्या राय का 16 साल पुराना आइकॉनिक लहंगा





ग्लोबल आइकन और भारतीय सिनेमा के सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक, ऐश्वर्या राय बच्चन सालों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचा रही हैं। ऐश्वर्या अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपनी फिल्मों के लिए भी मशहूर हैं। इस बीच अभिनेत्री फिर चर्चा में हैं। ऐश्वर्या ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया, जिनमें से एक आशुतोष गोवारिकर की 2008 की 'जोधा अकबर' भी शामिल है। इस फिल्म में उन्होंने 'जोधा बाई' का किरदार निभाया और अपने कभी ना भूल पाने अभिनय से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। 'जोधा अकबर' की भव्यता, कहानी और ट्रेडिशनल वेशभूषा ने दर्शकों को वैभव के ऐतिहासिक युग में पहुंचा दिया था। इस फिल्म की कहानी या सेट ही नहीं, पोशाकें भी खूब चर्चा में रहीं। अब जोधा अकबर में ऐश्वर्या का पहना लहंगा ऑस्कर तक पहुंच गया है। जोधा अकबर फिल्म में ऐश्वर्या द्वारा पहना गया लाल शादी का लहंगा प्रतिष्ठित ऑस्कर म्यूजियम में पहुंचा और दुनिया भर के प्रशंसकों से तारीफें हासिल कीं। ऑस्कर म्यूजियम द्वारा एक पोस्ट के जरिए बताया गया कि इस लहंगे को प्रदर्शनी में शामिल करने के लिए डिस्प्ले किया गया है। एकेडमी ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर जानकारी दी है। एकेडमी द्वारा पोस्ट शेयर करते हुए ऐश्वर्या के जोधा-अकबर में पहने गए लहंगे को ट्रिब्यूट दिया गया है।

# सूर्या और पूजा हेगड़े की फिल्म 'रेट्रो' का टीजर रिलीज




साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार सूर्या और अभिनेत्री पूजा हेगड़े स्टारर अपकमिंग फिल्म 'सूर्या 44' का टीजर सामने आ चुका है। फिल्म निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल 'रेट्रो' की घोषणा करते हुए टीजर को दर्शकों के साथ शेयर किया। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूजा हेगड़े मोस्ट-अवेटेड फिल्म से जुड़ी हर एक अपडेट को शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर शेयर कर अहम जानकारियां दी। पूजा हेगड़े ने दो मिनट के टीजर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'इस किरदार में मेरे दिल का एक टुकड़ा है। 'रेट्रो' भावनाओं के उतार-चढ़ाव भरी एक प्रेम कहानी, 'सूर्या 44' का टाइटल टीजर 'रेट्रो' आ चुका है।'' शेयर किए गए टीजर में पूजा हेगड़े और सूर्या एक तालाब के किनारे बैठे नजर आए। वीडियो में अभिनेत्री एक गांव की लड़की की भूमिका में हैं। वह सूर्या की कलाई पर प्रेमिका के तौर पर रक्षा सूत्र बांधती हैं। इसके बाद टीजर में सूर्या कहते हैं, 'मैं अपने गुस्से पर काबू रखूंगा, मैं इस पल से सब कुछ पीछे छोड़ दूंगा। मैं मुस्कुराने और खुश रहने की कोशिश करूंगा। मेरे जीवन का उद्देश्य, शुद्ध प्रेम है, केवल शुद्ध प्रेम।'' वर्कफ्रंट की बात करें तो 'किसी का भाई किसी की जान' फेम पूजा हेगड़े के पास कई खास प्रोजेक्ट हैं। पूजा के पास थलपति विजय के साथ 'थलापति 69' और 'है जवानी तो इश्क होना है' सहित कई अन्य रोमांचक प्रोजेक्ट हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में चेन्नई में 'थलपति 69' की शूटिंग शुरू होने की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर दी थी। 'थलापति 69' के साथ हेगड़े, विजय के साथ पहली बार ऑनस्क्रीन नजर आएंगी।

# प्रियंका ने पति संग क्रिसमस सेलिब्रेशन की दिखाई झलक



पूरी दुनिया में क्रिसमस फेस्टिवल सेलिब्रेट किया जा रहा है। बॉलीवुड सेलेब्स भी क्रिसमस के जश्न में डूबे हुए हैं। वहीं ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ने भी अपने पति निक जोनस और परिवार के साथ त्योहार सेलिब्रेट किया है। प्रियंका चोपड़ा ने फैंस को अपने क्रिसमस सेलिब्रेशन की एक झलक भी शेयर की है और उन्होंने लिखा है कि यह 'अच्छा' के बजाय 'शरारती' है। बता दें कि अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर प्रियंका ने अपनी और निक की स्टॉकिंग्स की फोटो शेयर की और कैप्शन दिया, 'यह स्टॉकिंग स्टफिंग निश्चित रूप से शरारती है, अच्छा नहीं...' प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास को उनकी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास के साथ शॉपिंग करते हुए भी स्पॉट किया गया था। ऑनलाइन वायरल हो रहे एक वीडियो में, प्रियंका को पति निक संग शॉपिंग करते हुए मालती का हाथ पकड़े देखा गया। इस दौरान एक्साइटेड मालती भी प्रियंका का हाथ खींचते हुए और उन्हें एक स्टोर में खींचते हुए नजर आईं। हाल ही में, प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास ने सऊदी अरब के जेद्दा में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में महफिल लूट ली थी। रेड कार्पेट पर सभी को हैरान करने के बाद, कपल वेकेशन एंजॉय करता नजर आया था। 14 दिसंबर को, प्रियंका ने "ऐसे और दिन" की इच्छा जाहिर करते हुए, अपने रेगिस्तान में अपने एडवेंचर की झलक भी दिखाई थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका ने रूसो ब्रदर्स की 'सिटाडेल' के नए सीजन की शूटिंग पूरी कर ली है। वह अब जल्द ही 'हेड्स ऑफ स्टेट्स' में इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ नजर आएंगी।

# नॉर्थ का स्वैग, साउथ की ग्रेस लेकर आ रहे सिद्धार्थ-जाह्नवी






'परम सुंदरी' की पहली झलक आई सामने

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा 'परम सुंदरी' में नजर आएगी। ये दोनों स्टार पहली बार स्क्रीन पर साथ नजर आएंगें। इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट हैं। वहीं मेकर्स ने आज 'परम सुंदरी' की पहली झलक भी शेयर कर दी हैं। फिल्म के मोशन पोस्टर ने फैंस को हैरान कर दिया है। इसी के साथ 'परम सुंदरी' की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। चलिए जानते हैं ये फिल्म कब सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

सिद्धार्थ और जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'परम सुंदरी' का मोशन पोस्टर शेयर किया है। मोशन पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक नॉर्थ इंडियन लड़के के किरदार में दिख रहे हैं। वहीं जाह्नवी कपूर साउथ इंडियन गर्ल के रोल में हैं। पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा जाह्नवी को अपनी गोद में उठाए हुए नजर आ रहे हैं और जाह्नवी चौंकने के अंदाज में पोज दे रही हैं। फिल्म का मोशन पोस्टर काफी दिलचस्प है जिसे देखने के बाद लग रहा है कि रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा भी काफी दिलचस्प होगी। वहीं इस पोस्टर को शेयर करते हुए जाह्नवी और सिद्धार्थ ने कैप्शन में लिखा है, "नॉर्थ का स्वैग, साउथ की ग्रेस – दो दुनिया टकराती हैं और चिंगारियां उड़ती हैं। दिनेश विजान प्रस्तुत करते हैं परम सुंदरी, जो तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित एक प्रेम कहानी है, जो 25 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में आ रही है। मिलिए परम के रूप में सौम्य सिद्धार्थ मल्होत्रा और सुंदरी के रूप में जाह्नवी कपूर से।" जाह्नवी कपूर की आखिरी रिलीज फिल्म देवारा -पार्ट 1 थी। इस फिल्म से एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। फिल्म में उन्होंने जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। जाह्नवी कपूर की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वे वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित, रोमांटिक ड्रामा करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। ये फ़िल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फोक थ्रिलर, वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की अनाउंसमेंट की थी। योद्धा अभिनेता ने मोशन पोस्टर भी जारी किया जो तुरंत वायरल हो गया।

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्टर शेयर किया था जिसमें हम धोती पहने एक आदमी को जंगल में दौड़ते हुए नजर आ रहा था। उसने हाथ में फायर स्टैंड पकड़ा हुआ है। इसके साथ ही एक्टर ने कैप्शन में लिखा था, "अरुणाभ कुमार और दीपक मिश्रा द्वारा निर्देशित एक पावरहाउस टीम के साथ इस फोक थ्रिलर का हिस्सा बनने के लिए एक्साइटेड हूं। 2025 में बड़े पर्दे पर आप सभी के लिए 'वीवीएएन - फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' का अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकता। 2025 छठ पर आ रही है।"

# सलमान-ऋतिक पहली बार आएंगे साथ



बॉलीवुड के दो बड़े सुपरस्टार सलमान खान और ऋतिक रोशन के साथ आने का इंतजार जनता बेसब्री से कर रही है। यश राज फिल्म्स के 'स्पाई यूनिवर्स' में दोनों बड़े स्टार्स के किरदारों की कहानी है तो बहुत करीब। जिसकी वजह से लोग हमेशा अंदाजा लगाते रहते हैं कि एजेंट कबीर और टाइगर कैसे एक दूसरे से मिल सकते हैं। लेकिन अभी तक कोई इसा हिंट नहीं मिला है कि इस यूनिवर्स में ये दोनों साथ नजर आएं। हालांकि, अब उन फैंस के लिए एक बड़ी खबर आई है जो इन दोनों सुपरस्टार्स को साथ देखना चाहते हैं। सलमान और ऋतिक पहली बार एक प्रोजेक्ट पर साथ काम करने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के डिटेल्स भी सामने आ गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान और ऋतिक पहली बार साथ आने के लिए तैयार हैं। हालांकि, ये कोई फिल्म प्रोजेक्ट नहीं है। ये असल में एक बड़े ब्रांड की ऐड फिल्म है। सूत्र ने बताया, 'बड़ी स्क्रीन पर साथ आने की सारी कोशिशों के बाद, एक कॉरपोरेट इन दोनों को एक एक्शन पैक ऐड में साथ लाने में कामयाब हो गया है। इस फिल्म को अली अब्बास जफर डायरेक्ट करेंगे और ये जल्द ही ऑन-एयर होने वाली है।' सूत्र ने आगे बताया कि ये ऐड फिल्म मुंबई में ही, इंटरनेशनल लोकेशंस की वीएफएक्स प्लेट पर शूट होगी ताकि ऋतिक और सलमान की प्रेजेंस के साथ न्याय किया जा सके। इस कोलेबोरेशन की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी जल्द ही की जाएगी। इस ऐड फिल्म से अली अब्बास जफर और सलमान का रीयूनियन होगा जो इससे पहले 'सुल्तान', 'टाइगर जिंदा है' और 'भारत' जैसी फिल्मों पर साथ काम कर चुके हैं। जबकि ऋतिक को अली पहली बार डायरेक्ट करेंगे। सलमान ने ऋतिक को उनके करियर की शुरुआत में बहुत हेल्प की थी और ये बात 'वॉर' स्टार खुद कई बार शेयर कर चुके हैं। लेकिन दोनों के बीच माहौल तब थोड़ा सा गड़बड़ हो गया जब ऋतिक की फिल्म 'गुजारिश' पर सलमान ने एक इवेंट के दौरान तीखा कमेंट कर दिया था। फिल्म में एक सीन था जिसमें पैरालाईज किरदार निभा रहे ऋतिक के चेहरे के पास मक्खी मंडरा रही है और वो खुद हटा नहीं सकता। 'गुजारिश' के फ्लॉप होने के बाद सलमान ने इसपर एक कमेंट करते हुए कहा था कि 'कोई मच्छर भी नहीं गया फिल्म देखने, कोई कुत्ता भी नहीं गया।' कहा जाता है कि इसके बाद से ही ऋतिक भी सलमान से बचने लगे। अब सलमान और ऋतिक के इस कोलेबोरेशन की खबर उनके फैंस के लिए एक बहुत पॉजिटिव साइन है। इससे ये चांस बनता है कि दोनों सुपरस्टार्स 'स्पाई यूनिवर्स' प्रोजेक्ट्स में भी साथ नजर आ सकते हैं।

# 'बॉर्डर 2' के शूट में बिज़ी दिलजीत, सेट से शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्मों की बात करते हैं तो हमें कई सारी फिल्मों के नाम याद आते हैं। कुछ में प्यार को काफी खूबसूरती से दर्शाया गया था, तो कुछ में नफरत और जंग को। लेकिन बॉलीवुड की तरफ से एक ऐसी फिल्म आई थी, जिसने हर देशवासी के दिल में देशभक्ति का जजबा जगा दिया था। वो फिल्म थी डायरेक्टर जे.पी.दत्ता की 'बॉर्डर'। फिल्म की कहानी 1971 इंडिया-पाकिस्तान जंग की थी। फिल्म का हर एक किरदार, उसमें दिखाए गए एक्शन सीन, उसके गाने और डायलॉग लोगों के दिल में इस कदर उतर गए थे कि फिर दोबारा वैसी फिल्म नहीं बन पाई थी। अब, बॉलीवुड एक बार फिर बॉर्डर की जंग को एक नई कहानी और नए किरदार के साथ वापस ला रहा है। हाल ही में फिल्म 'बॉर्डर 2' की अनाउंसमेंट की गई थी। फिल्म को सनी देओल ने अपनी 'गदर 2' की सक्सेस के बाद अनाउंस किया था। फिल्म में सनी देओल के अलावा पहले खबर थी कि एक्टर आयुष्मान खुराना भी होंगे लेकिन कुछ समय बाद वो फिल्म से बाहर हो गए। लेकिन फिर एक्टर वरुण धवन की एंट्री हुई और कुछ समय बाद, पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ भी फिल्म का हिस्सा बने। 'बॉर्डर' फिल्म में कैप्टन भैरों सिंह का किरदार निभाने वाले एक्टर सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी फिल्म से जुड़े हैं। कुछ समय से खबर थी कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है लेकिन इसकी जानकारी किसी के भी पास नहीं थी। ना ही किसी एक्टर ने फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कोई अपडेट शेयर की थी। लेकिन फिल्म के मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट शेयर कर दिया है। 'टी-सीरीज' और 'जेपी फिल्म्स' ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से एक फोटो शेयर करके लोगों की एक्साइटमेंट को फिल्म के लिए दोगुना कर दिया है।



# शूटिंग से ब्रेक लेकर ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं साईं पल्लवी



साईं पल्लवी की गिनती साउथ सिनेमा की टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। वो ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि खूबसूरती को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस रणबीर कपूर संग 'रामायण' की शूटिंग कर रही हैं। वहीं अपने बिजी शेड्यूल के बीच ब्रेक लेकर अब एक्ट्रेस ऑस्ट्रेलिया पहुंची।

साईं पल्लवी अपने काम के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। जहां वो हर दिन अपनी लाइफ की अपडेट फैंस के साथ शेयर करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑस्ट्रेलिया वेकेशन की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जो फैंस के बीच छाई हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑस्ट्रेलिया वेकेशन की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। जो फैंस के बीच छाई हुई हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपनी बहन और खास दोस्त के साथ वेकेशन एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही हैं। वहीं एक फोटो में साई मिरर सेल्फी लेती दिखी। तस्वीर में व्हाइट ड्रेस पहने वो काफी सुंदर लग रही हैं। वहीं एक फोटो में साईं मिरर सेल्फी लेती दिखी। तस्वीर में व्हाइट ड्रेस पहने वो काफी सुंदर लग रही हैं। इसके अलावा एक फोटो में साई समुद्र में डुबकी लगाती हुई भी नजर आई हैं। फोटो में उन्होंने ब्लू मोनोकिनी पहनी है।

# महाकाल की शरण में पहुंचे वरुण-कीर्ति

वरुण धवन और कीर्ति सुरेश की फिल्म 'बेबी जॉन' सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। वहीं अपनी इस फिल्म की रिलीज से पहले वरुण धवन, कीर्ती सुरेश, वामिका गब्बी और फिल्म की पूरी टीम मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल का दर्शन करने पहुंचे।



इस दौरान 'बेबी जॉन' स्टार्स ने पूरी टीम के साथ भस्म आरती में हिस्सा लिया, इसकी वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वरुण धवन-कीर्ति सुरेश का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अभिनेता और फिल्म की टीम निर्देशक एटली के साथ बाबा के दरबार में बैठी नजर आई। टीम महाकाल के भस्म आरती में भी शामिल हुई। फिल्म की सफलता के लिए महाकाल के दर पहुंची टीम ने आरती के दौरान माथे पर भस्म लगाया और जल ग्रहण किया, टीम हाथ जोड़े भक्ति में डूबी नजर आई। वरुण धवन ने जैसे ही बाबा महाकाल के दरबार में श्रद्धालुओं ने देखा वे अचंभित रह गए। वरुण धवन ने विश्व भर में शिव भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहने वाली भस्म आरती में हिस्सा लिया। फिल्म अभिनेता वरुण धवन ने चर्चा के दौरान कहा कि महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्म आरती को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मंदिर में जिस प्रकार से भस्म आरती के दौरान भक्ति का माहौल निर्मित होता है, वह देखने लायक है। उन्होंने कहा कि उन्हें भस्म आरती में शामिल होने का मौका मिला, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर भी उन्होंने भगवान महाकाल से प्रार्थना की है कि दर्शकों को यह फिल्म अच्छी लगे। 'बेबी जॉन' में वरुण के साथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव अहम किरदार में हैं।

# सुशासन के प्रणेता थे पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी: नवाब सिंह नागर



**नोएडा (चेतना मंच)।** सैनिक विहार मंडल के अंतर्गत सदरपुर कॉलोनी में भारतीय राजनीति के युगपुरुष एवं प्रेरणा स्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं के साथ कुछ यादगार पल भी साझा किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को नई दिशा दी थी तथा सुशासन की राह पर चलकर उन्होंने राष्ट्र को नई गति प्रदान की। इसके पूर्व उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# देश के विकास में अटल जी का योगदान अविस्मरणीय : संजय बाली

## सेक्टर-122 में जरूरतमंदों को बांटी साड़ियां व शॉल

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर सेक्टर-122 अटल बिहारी वाजपेयी अपार्टमेंट ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली ने क्षेत्र के सफाई कर्मचारी और वहां पर उपस्थित 300 से अधिक सभी माता-बहनों एवं बुर्जगों को शॉल और साड़ी वितरण की। सभी माताओं एव बहनों ने अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्प श्रंद्धाजलि अर्पित की।



सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व महामंत्री भाजपा नोएडा संजय बाली कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान भारतीय राजनीति और समाज के लिए अविस्मरणीय रहेगा। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूर-दृष्टि और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने न केवल भारत को एक नई दिशा दी, बल्कि हमें यह समझने का अवसर भी दिया कि हर भारतीय का विकास जरूरी है। इसी दिशा में आगे बढते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्य कर रहें है पायदान पर खडे अंतिम व्यक्ति तक सभी लोक कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है। इस दौरान कार्यक्रम में संस्था के दिनेश तिवारी, शिव शंकर शाह, दीप चंद, जयपाल सिंह, राज कुमार, मोती लाल यादव, बहादुर सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अटल जयंती पर कलेक्ट्रेट में काव्य व भाषण प्रतियोगिता



**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर में भी डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अध्यक्षता में लखनऊ के लोक भवन में आयोजित हो रहे मुख्य कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सजीव प्रसारण देखा गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के मूल्यों और सिद्धांतों पर गहनता के साथ प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित एकल काव्य पाठ्य व अटल जी एवं सुशासन भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एच आई एम टी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# भारत विकास परिषद ने मनाया वीर बाल दिवस





**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत विकास परिषद स्वर्णिम शाखा, नोएडा द्वारा वीर बाल दिवस का आयोजन भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मन्दिर, सेक्टर-12, में किया गया।

प्रोग्राम में मुख्य वक्ता गजेन्द्र सिंह संधु पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद एवं मुख्य अथिति ओंकार नाथ अग्रवाल चेयरमैन नारायण वेलफेयर ट्रस्ट नोएडा, उपस्थित रहे।

गुरुतेग् बहादुर जी ने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने दोनों सुपुत्रों को बलिदान कर दिया। उनकी याद में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। शाखा सचिव प्रमोद शर्मा में बताया की भारत को जानो प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले 11 स्कूलों के अध्यापकों एवं छात्रों को नारायण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया ।

प्रोग्राम में राष्ट्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष एन के शर्मा, प्रांतीय महासचिव कवित बंसल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजीव अजमानी, स्वर्णिम शाखा से संरक्षक श्रीमती सुमन गुप्ता, नैवेद्य शर्मा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश बंसल, महिलासयोजिका श्रीमती स्मृति गुप्ता, महिन्द्र शाह, मुकुल बाजपेयी, अजय मित्तल, आरसी बजाज, अनिल शर्मा, दिनेश चांदक, राजेश खंडेलवाल, डॉ एके त्यागी, डॉ आलोक गोयल एवं भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मन्दिर से अध्यक्ष सुशील जैन, प्रधानाचार्य सोमगिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया तुलसी दिवस, पौधे बांटे

**नोएडा (चेतना मंच)।** एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने नोएडा परिसर में तुलसी दिवस मनाया। जिसमें तुलसी के महत्व और इसके लाभों को बढ़ावा दिया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता और सीईओ सोनम गुप्ता ने भाग लिया।



इस कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी के पौधे लगाने से हुई। जिसमें प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण अनुकूलता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता ने तुलसी के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर बात की।

स्वास्थ्य लाभ: सीईओ सोनम गुप्ता ने तुलसी के औषधीय गुणों पर चर्चा की, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए इसके लाभों पर जोर दिया गया। एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि तुलसी हमारी भारतीय विरासत का एक अभिन्न अंग है।

# सेक्टर-27 में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं एक्यूप्रेशर शिविर आयोजित



**नोएडा (चेतना मंच)।** सैक्टर-27 स्थित श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में निःशुल्क आंखों, एक्यूपंक्चर और दांतों कि जांच के शिविर का आयोजन किया गया। यह कैम्प विश्व जैन संगठन नोएडा ने ए एसजी आई हास्पिटल, सेक्टर-27, जैना एक्यूपंक्चर और क्लोव डेंटल के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कैंप का उद्घाटन पवन जैन अध्यक्ष जैन मंदिर ने किया।

विश्व जैन संगठन नोएडा के अध्यक्ष के के जैन ने बताया कि निःशुल्क जांच शिविर में 200 से अधिक सभी वर्गों के लोगों ने अपनी जांच करवाई जिसमें आंखों का कम्प्यूटरीकृत मशीन द्वारा रिफ्रेक्टोन, स्नेलर चार्ट का उपयोग करते हुए व्यक्तिपरक रिफ्रेक्टोन, मोतियाबिंद और डॉ अमित जैन ने एक्यूपंक्चर के द्वारा जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में दर्द, अकड़न, ऐंठन, कटिस्नायुशूल आदि से लोगों का इलाज व जानकारी दी। इसके साथ-साथ दांतों का चेकअप एवं स्क्रीनिंग आदि कार्य किए गए।

इस मौके पर विश्व जैन संगठन के के जैन, महासचिव दिनेश जैन, पवन जैन, राहुल जैन, राजेश जैन, एच के जैन, प्रदीप जैन, सुबोध जैन, अभिषेक जैन तथा बड़ी संख्या में समाज के महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# भावांजलि कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**नोएडा (चेतना मंच)।** अंकुर साहित्य परिवार द्वारा सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन नोएडा सेक्टर 27 स्थित क्लब-27 के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद नोएडा के सांसद प्रतिनिधि संजय वाली, नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (स्वास्थ्य) एस पी सिंह, महाप्रबंधक (जल एवं सीवेज) आर पी सिंह ने सभी प्रतिभागी साहित्यकारों को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा नौ पुस्तकों चिंतन के स्वर (सुनीता सोनू), क्रांति का आगाज (धर्मपाल गांधी), तन्हाइयां गजल संग्रह (चंद्र स्वरुप बिसरिया), सारथी-ए-वतन (डॉ राम कुमार झा निकुंज), भक्ति वीथिका (डॉ राम कुमार झा निकुंज), पंखुड़ियां (नीलम हस्तीर), भावांजलि एकादश (साझा काव्य संग्रह), मिट्टी दा इश्क़ (साझा काव्य संग्रह), बज़्म-ए-हिंद (साझा काव्य संग्रह) का विमोचन किया गया। इसके अतिरिक्त शीघ्र आने वाली पुस्तक नोएडा की विकास गाथा के कवर पेज का विमोचन भी संपन्न हुआ।




साहित्य संपादक सुनीता सोनू को श्रेष्ठ संपादक सम्मान, दिल्ली के वरिष्ठ गजलकार चंद्र स्वरूप बिसरिया को कविवर गोपाल सिंह नेपाली शिरोमणि सम्मान, कुंतल शर्मा रतूड़ी को अंकुर साहित्य परिवार सक्रियता सम्मान, डॉ राम कुमार झा निकुंज को अंकुर साहित्य साधक सम्मान, संजय शाह को बेस्ट न्यूज एडिटर सम्मान से नवाजा गया।

भावांजलि के साहित्यकारों डॉ राम कुमार झा निकुंज, कुंतल शर्मा रतूड़ी, डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, चंद्र स्वरूप बिसरिया, एस के सूद पूजा, अनूप मिश्रा देवप्रयागी, पूरन भंडारी, राजीव भारती, मनीष जैन मौजी, जितेंद्र कुमार अंजान, राज शर्मा टेरी, डॉ सुनील शर्मा, डॉ ममता सक्सेना, ऊषा मक्कड़ माणवी, राज शर्मा एवं सैयद बाबर को अंकुर काव्य विभूति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजन में अंकुर परिवार के मुख्य संपादक निर्मेश त्यागी वत्स, साहित्य संपादक एवं संयोजक सुनीता सोनू, संयोजक रचना जैन एवं मनीष जैन की प्रमुख भूमिका रही। भाजपा नेता अशोक मिश्रा एवं नोएडा प्राधिकरण के उमेश त्यागी, के बी सिंह, अल्पेश आदि अधिकारियों की उपस्थिति ने साहित्यकारों की हौसल आफजाई की। कार्यक्रम का संचालन रोहित मिश्र, यादवेन्द्र आर्य एवं राजदीप सिंह ने करके श्रोताओं को बांधे रखा।

